सूर्योदय 6:37 सूर्यास्त 5:31

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.6 न्यू | 21.4 अधि |
| धर्मशाला | 13.5 न्यू | 24.8 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80378.13 |
| निफ्टी | 24484.05 |
| सोना 80,350 | चांदी 95,226 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



पंत आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे पायदान पर

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 7 नवंबर 2024 | 22 कार्तिक, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 321, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

# अमेरिका में चला ट्रंप कार्ड, डेमोक्रेट कमला की हार

## डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को मिला बहुमत, अगले साल 20 जनवरी को बनेंगे सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**रिपब्लिकन** पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक पार्टी की भारतीय मूल की कमला देवी हैरिस को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में करारी शिकस्त दी। बुधवार को निकले चुनाव नतीजों में ट्रंप ने दूसरी बार देश के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की है। यह अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी है। विस्कोन्सिन में जीत के साथ ट्रंप (78) ने राष्ट्रपति पद के लिए जरूरी 270 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए हैं। उनकी रिपब्लिकन पार्टी को स्पष्ट बहुमत हासिल हो गया है। खबर लिखे जाने तक रिपब्लिकन पार्टी ने 279 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए थे, जबकि कमला हैरिस की डेमोक्रेटिक पार्टी ने 223 मत हासिल किए।

ट्रंप ने विस्कोन्सिन जैसी महत्वपूर्ण सीट पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पराजित किया। इस जीत में ट्रंप को विस्कोन्सिन में 10 निर्वाचक मंडल से वोट मिले हैं। वह 2016 में मुश्किल से ही विस्कोन्सिन में जीते थे और रोनाल्ड रीगन के बाद इस राज्य पर कब्जा करने वाले वह पहले रिपब्लिकन बन गए थे। 2020 में डेमोक्रेट जो बाइडन से यहां चुनाव हार गए थे।

हैरिस और ट्रंप दोनों ने ही विस्कोन्सिन को अपने प्रचार अभियान के केंद्र में रखा। ट्रंप की इस जीत को 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद एक शानदार वापसी माना जा रहा है।



कुल सीटें **538**

बहुमत **270**

बोले अमेरिका को बनाऊंगा महान



## यह जीत अमेरिका के लिए स्वर्ण युग: डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में अपनी जीत को अमेरिका का स्वर्ण युग बताया। उन्होंने कहा कि यह अमेरिकी लोगों के लिए एक शानदार जीत है। अमेरिकी लोगों को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि एक बार फिर से अमेरिका को महान बनाऊंगा। भगवान ने मेरी जान इसी दिन के लिए बचाई थी। ट्रंप ने यह भाषण चुनाव नतीजों के आधिकारिक ऐलान से पहले दिया। चुनाव के तमाम सर्वेक्षणों में हैरिस और ट्रंप के बीच कांटे की मुकाबले की भविष्यवाणी की गई थी, लेकिन मतगणना शुरू होने के बाद ट्रंप को शायद ही कोई परेशानी का सामना करना पड़ा।

### दूसरी बार चुनाव जीत तोड़े रिकॉर्ड

**ट्रंप** ने आधिकारिक तौर पर चुनाव जीत लिया है और कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। ट्रंप (जन्म 14 जून 1946) जनवरी में फिर से आधिकारिक तौर पर शपथ लेने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति के तौर पर जो बाइडेन का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। 2020 में जब बाइडेन ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी तो उनकी उम्र 78 साल 61 दिन थी, जबकि अगले साल 20 जनवरी को शपथ लेने वाले डोनाल्ड ट्रंप की उम्र तब 78 साल 221 दिन होगी। इससे पहले पिछला रिकॉर्ड रोनाल्ड रीगन के नाम था, जो 69 वर्ष की आयु में राष्ट्रपति बने थे।

### कंगना रनौत ने तस्वीर शेयर कर दी बधाई



**भाजपा** की सांसद और एक्ट्रेस कंगना रनौत ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को जीत की बधाई दी है। रनौत ने डोनाल्ड ट्रंप को जीत की बधाई देते हुए गजब की तस्वीर शेयर की है, जिसमें डोनाल्ड ट्रंप भगवा कपड़े पहने हुए हैं और लोगों का अभिवादन कर रहे हैं। ट्रंप के साथ में कारोबारी एलन मस्क भी दिखाई दे रहे हैं। कंगना ने लिखा है कि यह ट्विटर पर आज का बेस्ट मीम है, बधाई हो डोनाल्ड ट्रंप।

### अमेरिका के लिए नई शुरुआत: नेतन्याहू



**इसराइल** के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। नेतन्याहू ने 'एक्स' पर लिखा कि ऐतिहासिक महान वापसी पर बधाई। अमेरिका के लिए नई शुरुआत और इसराइल व अमेरिका के बीच महान गठबंधन के लिए शक्तिशाली प्रतिबद्धता दर्शाने वाली है।

### साथ काम करने को तैयार: मैक्रों



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने कहा कि साथ काम करने को तैयार हैं, जैसा कि हम पहले भी चार साल में काम करने में सक्षम रहे। आपके और मेरे दृढ़विश्वास के साथ। सम्मान और महत्वाकांक्षा के साथ। अधिक शांति और समृद्धि के लिए। वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टॉर्मर ने ट्रंप को बधाई दी।

### वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए अमेरिका के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर: कांग्रेस



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने डोनाल्ड ट्रंप को जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि 'हम वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका एक मजबूत व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं, जो लंबे समय से साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, साझा हितों और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों पर आधारित है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर कहा कि डोनाल्ड ट्रंप, आपकी जीत पर बधाई। अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में आपके दूसरे कार्यकाल में सफलता के लिए शुभकामनाएं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने ट्रंप की जीत पर कहा कि भारत-अमेरिका संबंध बुनियादी रूप से ठीक रहेंगे। उन्होंने कहा कि चीन के प्रति अमेरिका का सख्त रुख 'हमारे लिए अच्छा है।'

### मेरे दोस्त ट्रंप को ऐतिहासिक जीत पर बधाई: पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई दी और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, ''मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को उनकी ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। आपके अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं के क्रम में, मैं भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग को नए सिरे से आगे बढ़ाने की आशा करता हूं। उन्होंने कहा कि आइए एक साथ मिलकर अपने लोगों की बेहतरी के लिए और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए काम करें। मोदी ने ट्रंप से मुलाकात की कुछ पुरानी तस्वीरें भी साझा की, जिसमें वह ट्रंप के साथ गले मिलते हैं और एक-दूसरे का हाथ पकड़कर ठहाके लगाते दिख रहे हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### यूपी के हरदोई में सड़क हादसे में 10 की मौत

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में बुधवार को एक ऑटो और डीसीएम की टक्कर हो गई। इस हादसे में छह महिलाओं, तीन बच्चे समेत 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह हादसा बिलग्राम थाना क्षेत्र के कटरा बिल्हौर हाईवे पर हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर दुख जताया है। वहीं, पीएम ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख देने की घोषणा की है।

### मुडा मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से पूछताछ



**मैसूर (कर्नाटक)।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) मामले को लेकर बुधवार को मैसूर लोकायुक्त अधीक्षक टीजे उदेश के समक्ष पेश हुए। मुडा में कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में सीएम सिद्धारमैया को मुख्य आरोपी बनाया है। कर्नाटक के इतिहास में सत्ता में रहते हुए लोकायुक्त जांच का सामना करने वाले सिद्धारमैया पहले मुख्यमंत्री हैं।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

त्रिलोक जम्वाल की संपत्ति की हो जांच: बंबर -पेज 2

कांग्रेस ने गोबर खरीदने की गारंटी दी थी, कम्पोस्ट की नहीं: जयराम -पेज 3

बीएसएनएल से कांगड़ा-चंबा में 4 माह में जुड़े 40 हजार उपभोक्ता -पेज 4

अदालतों में समय बर्बाद न करें, वोट मांगें : सुप्रीम कोर्ट -पेज 13

रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर की बड़ी जीत -पेज 14

## एलएमवी लाइसेंस धारक 7,500 किलो से कम वजन वाली गाड़ी चलाने के हकदार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने कार के लाइसेंस यानी लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) लाइसेंस धारक व्यक्ति को 7,500 किलो तक वजन वाली गाड़ियां चलाने की परमिशन दे दी है।

बुधवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि ऐसा कोई डाटा नहीं है, जो साबित करता हो कि एलएमवी ड्राइविंग लाइसेंस होल्डर्स देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की 5 जजों की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यह मुद्दा एलएमवी ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाले ड्राइवरों की रोजी-रोटी से जुड़ा है। कोर्ट ने केंद्र से कानून में संशोधन प्रक्रिया जल्द पूरी करने को भी कहा। बीमा कंपनियां हादसों में एक निश्चित वजन के ट्रांसपोर्ट व्हीकल के शामिल होने और नियम मुताबिक ड्राइवरों को उन्हें चलाने के लिए अधिकृत न होने पर क्लेम खारिज कर रही थीं।

**तीन खास बातें**

- एलएमवी और ट्रांसपोर्ट व्हीकल अलग-अलग वर्ग नहीं हैं। कानून को व्यवहारिक और काम में आने योग्य बने रहना चाहिए।
- खतरनाक सामान ले जाने वाले वाहनों पर विशेष पात्रता लागू रहेगी।
- सड़क हादसों के पीछे लापरवाही से और तेज स्पीड में गाड़ी चलाना, सड़क का डिजाइन और ट्रैफिक रूल्स का उल्लंघन शामिल है। ड्राइविंग करते समय मोबाइल का इस्तेमाल, सीट बेल्ट न लगाना और हेलमेट न पहनना भी दुर्घटना का कारण बनते हैं।

## संजौली मस्जिद फैसले पर स्टे देने से इनकार

**शिमला।** राजधानी शिमला की संजौली मस्जिद में अवैध निर्माण मामले में बुधवार को जिला कोर्ट में सुनवाई हुई। ऑल हिमाचल मुस्लिम ऑर्गेशनाइजेशन ने संजौली मस्जिद को गिराने के नगर निगम (एमसी) आयुक्त के 5 अक्तूबर के फैसले पर स्टे की मांग की थी। अदालत में लोकल रेजिडेंट की ओर से पेश हुए वकील ने इसका विरोध किया। इस पर कोर्ट ने एमसी आयुक्त से कुछ रिकॉर्ड मांगा और 11 नवंबर के लिए अगली सुनवाई तय की है। इस दिन याचिकाकर्ता के साथ-साथ लोकल रेजिडेंट और जो लोग इस केस में पार्टी बनना चाहते हैं, उन्हें भी सुना जाएगा। उसी दिन एमसी आयुक्त के फैसले को चैलेंज करने वाली याचिका की मेंटेनेबेलिटी को लेकर भी फैसला होगा।

**अब 11 को होगी सुनवाई, याचिका की मेंटेनेबेलिटी को लेकर भी होगा फैसला**

## पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी 10 लाख तक लोन ले सकेंगे स्टूडेंट्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय कैबिनेट के फैसले**

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को बुधवार को मंजूरी दे दी, ताकि वित्तीय बाधाएं उन्हें गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से न रोक सकें। इसमें हायर एजुकेशन के लिए 7.5 लाख रुपए तक के लोन पर भारत सरकार 75 फीसदी क्रेडिट गारंटी देगी। 8 लाख रुपए सालाना आय वाले परिवार के बच्चों को 10 लाख रुपए तक के लोन पर 3 फीसदी ब्याज अनुदान भी दिया जाएगा। 4.5 लाख रुपए तक की सालाना आय वाले छात्रों को पहले से पूर्ण ब्याज अनुदान मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए बैंकों से 10 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण सस्ती दरों पर लिया जा सकेगा। वहीं, कैबिनेट ने एफसीआई को 10,700 करोड़ रुपए की नई इक्विटी पूंजी देने का निर्णय लिया है।

## हिमाचल में कांग्रेस की सभी यूनिट तत्काल प्रभाव से भंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश में जिला और ब्लॉक यूनिट के साथ-साथ पूरी प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) यूनिट को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया।

**लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन पर एक्शन**

बताया जा रहा है कि इसी साल हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन के चलते कांग्रेस ने यह कार्रवाई की है। साथ ही इस कदम को पार्टी की हिमाचल यूनिट के पुनर्गठन की कांग्रेस की योजना के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। पहाड़ी राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से पीसीसी में कोई बदलाव नहीं हुआ है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिभा सिंह पहले ही पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य बन चुकी हैं।

## एसडीआरएफ को मजबूत करेगी सरकार : सुक्खू

### सीएम बोले- प्रबंधन होगा अतिरिक्त महानिदेशक होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा के अधीन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में त्वरित आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्य कर रही है। इस दिशा में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। प्रदेश में संपूर्ण प्रतिक्रिया प्रबंधन को अतिरिक्त महानिदेशक होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के अधीन किया जाएगा। इससे किसी भी आपातकालीन और आपदा की स्थिति से बेहतर तरीके से निपटने में मदद मिलेगी। इसके साथ आपदा प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करने के लिए होमगार्ड को दो वर्ष की अवधि के लिए एसडीआरएफ में प्रतिनियुक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बादल फटने और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती पुनरावृत्ति को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार एसडीआरएफ को प्राथमिकता के आधार पर मजबूत कर रही है।

**लोगों को जागरूक करने की दिशा में कई कदम उठाए**

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि आपातकालीन स्थितियों में जानमाल की क्षति में कमी लाने के लिए इस प्रणाली को और अधिक संगठित और प्रभावी बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत करने, भूकंपरोधी अधोसंरचना निर्मित करने और लोगों को जागरूक करने की दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं। प्रत्येक प्राकृतिक आपदा प्रदेश के समक्ष नई चुनौतियां उत्पन्न करती है। इससे पर्यावरण की भी क्षति होती है और लोगों की रोजमर्रा की गतिविधियां बाधित होती है।

### पटना में आज होगा शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार



**पटना।** 'बिहार कोकिला' के नाम से प्रख्यात लोक गायिका शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार वीरवार को पटना में किया जाएगा। लंबे समय से मायलोमा (एक तरह का रक्त कैंसर) से जूझ रहीं सिन्हा का मंगलवार रात दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था। वह सिन्हा का पार्थिव शरीर बुधवार को दिल्ली से पटना लाया गया।

## जेएंडके में हंगामे के बीच अनुच्छेद 370 बहाली का प्रस्ताव पास

### भाजपा विधायकों ने किया विरोध और प्रस्ताव की कॉपियां फाड़ीं

**अशोक ठाकुर, श्रीनगर**



**जम्मू**-कश्मीर विधानसभा ने स्पेशल स्टेटस (अनुच्छेद 370) को फिर से बहाल करने का प्रस्ताव पास कर दिया है। हालांकि, भाजपा विधायकों ने इसका विरोध किया और प्रस्ताव की कॉपियां फाड़ दीं। विधायक वेल में जाकर नारेबाजी करते रहे।

भाजपा विधायकों का आरोप था कि स्पीकर ने मंत्रियों की बैठक बुलाई और खुद ही प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया। इसके बाद विधायकों ने बेंच पर चढ़कर हंगामा किया। हंगामे के चलते विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राठौर ने सदन की कार्यवाही वीरवार तक के लिए स्थगित कर दी। वहीं, भाजपा अध्यक्ष सत शर्मा की अगुआई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में इकट्ठा होकर जम्मू-कश्मीर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी का पुतला भी जलाया। भाजपा ने आरोप लगाया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर के लोगों को गुमराह कर रही है और कहा कि कोई भी विधानसभा अनुच्छेद-370 और 35ए को वापस नहीं ला सकती। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और माकपा के सदस्यों ने ध्वनि मत के दौरान प्रस्ताव का समर्थन किया। (अनंत ज्ञान)

RAJ RAJESHWARI COLLEGE OF EDUCATION



A Premier Institute of Teacher Education

Village Chorab (Mansui)
P. O. Bhota, Tehsil Barsar
Distt. Hamirpur (H.P.) 176041



Affiliated to H.P. University & Approved/Recognized by NRC, NCTE, New Delhi

बी. एड. कोर्स में दाखिले के लिए राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा में आवेदन करें

बी. एड. कोर्स में दाखिले के लिए राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा में आकर आवेदन करें

अंतिम तिथि 08 नवम्बर 2024, प्रवेश परीक्षा अनिवार्य नहीं

केवल ग्रैजुएशन कंपलीट होनी चाहिए। मैनेजमैंट कोटा की सीटों के लिए कॉलेज में आकर आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 नवम्बर 2024 है।

Contacts:- 01972-255199, 256099, 94180-68054, 94181-03003, 98052-39043
88948-90536, 98053-76808, 86279-08100, 82787-89480, 82193-40591

Website: www.raj-rajeshwari.com, E-mail :rajrajeshwari2006@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### सचिवालय में लोक लेखा समिति की बैठकें संपन्न



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लोक लेखा समिति बैठकें सभापति अनिल शर्मा की अध्यक्षता में मुख्य समिति कक्ष में संपन्न हुई, जिसमें सर्वश्री संजय रत्न, जीत राम कटवाल, इंद्र सिंह, मलेंद्र राजन, केवल सिंह पठानियां तथा कैप्टन रणजीत सिंह माननीय सदस्यों में भाग लिया। इन बैठकों में समिति ने भारत के नियंत्रक- महालेखा परीक्षक के प्रतिवेदन वर्ष 2018-19 से 2020-21 तक के राज्य के वित्त सामाजिक, सामान्य एवं आर्थिक क्षेत्रों, राजस्व क्षेत्र से सम्बन्धित नगर एवं ग्राम योजना विभाग से प्राप्त विभागीय सुआ-मोटो उत्तरों पर प्रधान सचिव नगर एवं ग्राम योजना हिमाचल प्रदेश सरकार का मौखिक साक्ष्य लिया।

### मच्छान बने किसान कांग्रेस ब्लाक रोहड़ू के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राज यशवंत मच्छान वर्तमान में किसान कांग्रेस ब्लॉक रोहड़ू के अध्यक्ष नियुक्त किए गए है। वह वर्तमान में कुटाडा पंचायत के उपाध्यक्ष भी हैं। उन्होंने इस नियुक्ति के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू, लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह, प्रदेश अध्यक्ष किसान कांग्रेस सोहन सिंह वर्मा आदि का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा जनहित में किए गए कार्यों को मद्देनजर रखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंनें पूर्व में ब्लॉक युवा कांग्रेस रोहड़ू के महासचिव के तौर पर व लोकसभा शिमला युवा कांग्रेस के सचिव व महासचिव के तौर पर पार्टी के प्रति अपनी कार्यनिष्ठा दिखाई है और बागवानों के हितों के लिए वह संघर्षरत रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस मंडल रोहड़ू के सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि उनके सहयोग के बिना कोई भी उपलब्धि व संघर्ष अधूरा है।



### सुन्नी में एड्स बारे लोगों को किया जागरूक





**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के तत्वाधान में सुन्नी, बसंतपुर और शकरोड़ी में एड्स पर जागरूक किया गया। सुन्नी स्थित बैंक परिसर में बुधवार को आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के तहत देव कुर्गण सांस्कृतिक दल मढ़ौड़ घाट के प्रधान देव राज के नेतृत्व में दल के कलाकारों द्वारा सुन्नी की जनता को एड्स रोग पर गीतों और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से एड्स रोग के लक्षण और उनसे बचाव के त्रिकोण बारे जानकारियां दी गई । इस दौरान पंकज, चेत राम कलसी, बोध राज, जगदीश और महिला कलाकारों में रीता, दिया, गीता द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश कीं और आम जन के मनोरंजन के साथ एड्स रोग पर भी जागरूक किया। इस दौरान नगर पंचायत सुन्नी के पार्षद रूप लाल सहित राजेंद्र कुमार भी मौजूद रहे ।

### श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन



**अनंत ज्ञान, दधोल।** ग्राम पंचायत मोरसिंघी में रावण वध और प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ ग्यारह दिवसीय रामलीला का समापन हो गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पटेर के पूर्व प्रधान सुरेश कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। रामलीला मंडल के प्रधान राहुल चैहान, निदेशक सुनील चैहान, मदनलाल, सोहन लाल, अभिषेक सोनी क्लब के सदस्यों ने उन्होंने स्मृति चिन्ह मोमेंटो और राम वस्त्र देकर सम्मानित किया। रामलीला के दृश्य में लक्ष्मण और मेघनाद में भयंकर युद्ध होता है। मेघनाद, लक्ष्मण पर शक्ति बाण का प्रयोग करता है, फलस्वरूप लक्ष्मण मूर्छित होकर जमीन पर गिर जाते हैं। हनुमान जी उन्हें वहां से उठाकर भगवान श्रीराम के पास ले आते हैं। जहां प्रभु राम लक्ष्मण जी की हालत को देखकर बिलख-बिलख कर रो पड़ते हैं। इसी बीच जामवंत ने लंका से सुषेण वैद्य को लाने की बात कही जाती है। जिस पर हनुमानजी लंका जाकर सुषेण वैद्य को ले आते हैं। वैद्य ने संजीवनी बूटी द्वारा ही लक्ष्मण जी के उपचार करने की युक्ति बताने के साथ ही कहते हैं यदि सूर्योदय से पूर्व संजीवनी बूटी नहीं आई तो लक्ष्मण जी का प्राण बचाना असंभव होगा। उसी समय तत्काल हनुमान जी संजीवनी बूटी लाने के लिए चले जाते हैं।

### ग्रामीणों ने जितेंद्र चंदेल के समक्ष रखीं समस्याएं



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्राम पंचायत बल्ह चुराणी के ग्रामीणों ने हिमुडा बोर्ड डायरेक्टर सदस्य जितेंद्र चंदेल के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। इस दौरान नौनी पंचायत व कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री निर्मला राजपूत, चांदपुर पंचायत के पूर्व प्रधान अर्पण संत बल्ह चुराणी के उपप्रधान बिट्टू, वार्ड सदस्यों सहित अन्य लोग भी शामिल रहे। जितेंद्र चंदेल ने बुधवार को इस क्षेत्र दौरा किया तथा वहां पर ग्रामीणों से मिले तथा उनकी समस्याओं को सुना और ग्रामीणों ने उन्हें ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव छुजाला में सड़क की गंभीर समस्या को लेकर अवगत करवाया। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार बीमार व्यक्ति को अस्पताल ले जाने के लिए बिना सड़क से समस्या का सामना करना पड़ता है। अगर सड़क नहीं बनती है तो यहां पर भविष्य के लिए यह समस्या आए दिन बनी रहेगी। ग्रामीणों ने अतिशीघ्र सड़क सुविधा का लाभ उठाने की बात रखी। जितेंद्र चंदेल ने आश्वासन ही नही, बल्कि इस ज्वलंत समस्या का उपायुक्त से समाधान व आवश्यक बजट का प्रावधान करवाने पर बल दिया।

### डीएवी बरमाणा के बच्चों ने वृद्धाश्रम में किया हवन




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट सुंदरनगर के सौजन्य से घागस में चल रहे वृद्धाश्रम यानी 'अपना घर' का बुधवार को अडाणी-एसीसी डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल बरमाणा के बच्चों और स्टाफ ने दौरा किया। वरिष्ठ शिक्षिका मधुरिमा कश्यप की अगुवाई में स्कूल के बच्चों व अध्यापकों ने अपना घर में हवन किया व भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बनाया। शिक्षिका मधुरिमा कश्यप ने कहा कि मानव सेवा ट्रस्ट सुंदरनगर के संस्थापक एवं अधिवक्ता प्रकाश बंसल की दूरदर्शी सोच के कारण अपनों द्वारा ठुकराए बुजुर्गों को आशियाना मिला है, जो कि मौजूदा परिवेश में बहुत सराहनीय बात है। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन का यह प्रयास रहता है कि वे ज्यादा से ज्यादा समय इन बुजुर्गों के साथ बिताएं, ताकि इन्हें अकेलेपन का आभास न हो।

# पंचायतीराज संस्थाओं की सहभागिता से देवभूमि से नशे की बुराई का होगा नाश

## राज्यपाल बोले-देवभूमि हिमाचल प्रदेश में नशे के लिए कोई जगह नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों की सहभागिता से देवभूमि से नशे की बुराई का समूल नाश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देवभूमि की सार्थकता को बनाए रखने के लिए सामुदायिक सहभागिता को सुनिश्चित कर प्रदेश के भविष्य युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से बचाया जाएगा।

राज्यपाल ने आज राजभवन में पंचायतीराज विभाग द्वारा नशीले पदार्थों और मादक पदार्थों के सेवन से निपटने में पंचायतीराज संस्थाओं की भूमिका पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन के लिए विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की राज्य के




स्वास्थ्य, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक प्रगति को प्रभावित करने वाले विषय के सार्थक समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि युवा समाज की अमूल्य निधि है और युवाओं से जुड़े मामलों को प्रभावी ढंग से सुलझाने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि नशे की बुराई से निपटने में पंचायतीराज संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं और जनप्रतिनिधि के तौर पर वे लोगों को मादक द्रव्यों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों से जागरूक कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि समुदाय के साथ घनिष्ठ संबंध बनाकर पंचायतें संवेदनशील लोगों की पहचान कर उन्हें नशे की आदत लगने से पहले उन्हें सहायता प्रदान कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज संस्थानों की नशे की आदत से मजबूर लोगों और उनके परिवारों को सहायता प्रदान करने में स्थानीय सहायता समूहों, पुनर्वास कार्यक्रमों और परामर्श केंद्रों के विकास को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका रहती है। देवभूमि हिमाचल प्रदेश में नशे के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। इसके कारण सामाजिक मूल्य नष्ट हो जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप संयुक्त परिवार टूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस नशे पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी तरीके से कार्य कर रही है, साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों को भी लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभानी चाहिए और प्रदेश सरकार को नशा निवारण केंद्र संचालित करने चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य में पंचायतीराज संस्थाओं में 15982 महिला प्रतिनिधि हैं। अतिरिक्त निदेशक पंचायतीराज नीरज चांदला ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

# राजीव भारद्वाज ने जिलाधीश कार्यशालाओं की तिथियां एवं वक्ताओं की सूची की प्रेषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के सांसद प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. राजीव भारद्वाज ने बताया कि संगठन पर्व की प्रदेश कार्यशाला संपन्न होने के बाद जिलाश कार्यशालाओं का आयोजन किया जाना है। इस हेतु कार्यशालाओं की तिथियां एवं वक्ताओं की सूची आपको प्रेषित कर रहे हैं। अत: सभी जिला अध्यक्षों से आग्रह है की इन कार्यशालाओं में अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ताओं की उपस्तिथि सुनिश्चित करें और इसकी रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय को भी भेजे।



जिला चंबा की कार्यशाला 8 नवंबर को सुनिश्चित की गई है, जिसमें पवन काजल, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक मुख्यवक्ता होंगे, इसी प्रकार जिला नुरपूर में 9 नवंबर विपिन परमार, संसदीय क्षेत्र प्रभारी एवं विधायक बैठक को संबोधित करेंगे। पालमपुर में 7 नवंबर को संजय शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता, जिला कांगड़ा में 9 नवंबर को अमित ठाकुर, जिला प्रभारी, सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष, युवा मोर्चा, जिला लाहौल-स्पीति में 8 नवंबर को विनोद कुमार, प्रदेश सचिव एवं विधायक, जिला कुल्लू में 8 नवंबर को पायल वैद्य प्रदेश उपाध्यक्षा, जिला सुंदरनगर में 8 नवंबर को राजेंद्र गर्ग पूर्व मंत्री, जिला मंडी में 8 नवंबर को राकेश जम्वाल प्रदेश मुख्य वक्ता एवं विधायक, जिला किन्नौर में 8 नवंबर को गोविंद ठाकुर पूर्व मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला हमीरपुर में 8 नवंबर को बिक्रम ठाकुर संसदीय क्षेत्र प्रभारी एवं पूर्व मंत्री, जिला ऊना में 7 नवंबर को त्रिलोक जम्वाल विधायक, जिला बिलासपुर में 8 नवंबर को रशिमधर सूद प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला देहरा में 7 नवंबर को रणधीर शर्मा प्रदेश मीडिया विभाग के प्रभारी एवं विधायक, जिला सोलन में 7 नवंबर को बिहारी लाल शर्मा प्रदेश महामंत्री, जिला सिरमौर में 7 नवंबर को डॉ. डेजी ठाकुर प्रदेश सचिव, जिला महासू में 7 नवंबर को डॉ. संजय ठाकुर प्रदेश सचिव और शिमला में 8 नवंबर को सतपाल सिंह सत्ती, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक संबोधित करेंगे।

## सीमा कॉलेज में प्री-कॉन्फ्रेंस अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न

**दशमी रावत, रोहड़ू**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा द्वारा एक से 7 नवंबर तक आयोजित हो रहे प्री-कॉन्फ्रेंस अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के चौथे ऑनलाइन सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस सत्र में 200 से अधिक प्रतिभागियों के साथ 200 अन्य इच्छुक लोगों ने भाग लिया। एचपी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, शिमला के सेंटर फॉर ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट की निदेशक डॉ. दीपिका गौतम ने इस सत्र की अध्यक्षता की।

इस सत्र में दो प्रमुख वक्ताओं ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवाचारी दृष्टिकोणों पर अपने विचार साझा किए, जिसमें प्रसिद्ध गणितज्ञ डॉ. राकेश मनीलाल पटेल ने शिक्षा और चिकित्सा विज्ञान में जैव-गणितीय मॉडलिंग एक सामान्य दृष्टिकोण पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उनके मॉडल में चार महत्वपूर्ण कारक अनुशासन, शिक्षक, नकारात्मकता और छात्र कारकों का समावेश है, जो समय के साथ सफलता का आकलन करने में सहायक है। वहीं, 83 वर्षीय भूतपूर्व कर्नल और क्वांटम भौतिकी विशेषज्ञ कर्नल सुभाष चंद्र ने कर्म के नियम का शाश्वत स्वास्थ्य, खुशी और समृद्धि पर प्रभाव विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस सत्र की सह-अध्यक्षता डॉ. आरती (भारती विद्यापीठ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, दिल्ली) और डॉ. राय सिंह (पीजी कॉलेज सीमा, शिमला) ने की। प्रो. गीतांजलि ठाकुर और प्रो. महेश्वरी रावत ने प्रश्नोत्तर सत्र का संचालन किया, जिसमें प्रतिभागियों के कई सवालों का समाधान किया गया। प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने बताया कि 8 से 10 नवंबर तक आयोजित होने वाले समकालीन विश्व के मुद्दे और चुनौतियां विषयक पूर्व-सम्मेलन में विविध वैश्विक मुद्दों पर गहन चर्चा होगी। डॉ. पटेल के मॉडल का उद्देश्य गणितीय सिद्धांतों का उपयोग कर सफलता का मापन करना है, जो राष्ट्रव्यापी रूप से लागू होने पर एक मिलियन छात्रों को लाभ पहुंचा सकता है। कर्नल चंद्र के स्वर्ण अनुपात के प्रयोग से स्वास्थ्य, वास्तुकला और इंजीनियरिंग सहित कम से कम 8 उद्योगों में क्रांतिकारी परिवर्तन हो सकते हैं। सत्र को 5 ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम किया गया, जिसमें पहले 30 मिनट में 2000 व्यूज मिले। सत्र की सफलता को देखते हुए भविष्य के आयोजनों में 1000 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

## धामी कॉलेज में विपणन तकनीक पर दिए टिप्स

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित 16 मील में बुधवार को वाणिज्य विभाग एवं करियर काउंसलिंग सेल के सयुंक्त तत्वाधान से विद्यार्थियों के लिए विपणन तकनीक विषय पर व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। जिसमें कुमारी अमन, मार्केटिंग असिस्टेंट, सनराइज ग्रुप एवं कंपनी पंथाघाटी, शिमला हिमाचल प्रदेश ने विद्यार्थियों को मार्केटिंग टेक्निक्स सौंदर्य एवं स्वास्थ्य संबंधित उत्पादों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को विपणन क्षेत्र से जुड़ने और सफलता प्राप्त करने के गुण भी बताए। कार्यक्रम मे करियर काउंसलिंग सेल के संयोजक प्रोफेसर मनोज कुमार, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉक्टर विक्रांत सकलानी, डॉक्टर गौरव शर्मा, डॉक्टर उज्ज्वल राठौर, डॉ. गीता शर्मा और लगभग 90 विद्यार्थी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# चियोग स्कूल के चार खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग में शिक्षा ग्रहण करने वाले चार विद्यार्थियों का अंडर -19 वर्ग में विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओ के लिए चयन हुआ हैं। प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने बताया कि इस स्कूल की चार खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चयन होना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।



चयनित खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

स्कूल के इन होनहार खिलाड़ियों के चयन होने से समूचे क्षेत्र में एक खुशी का महौल है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए आकाश पुत्र वीरेंद्र का चयन कुश्ती मे और इशिता पुत्री कुलदीप का चयन जुड्डो में, पूजा पुत्री जगदीश और आकांक्षा पुत्री सुरेश का चयन कोराश प्रतियोगिता के लिए हुआ हैं। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्य और अभिभावको डीईपी राकेश वर्मा तथा पीईटी शांति चंदेल तथा विद्यालय के सभी अध्यापको को दिया हैं।

# त्रिलोक जम्वाल की संपत्ति की हो जांच: बंबर

## बोले, बिलासपुर के विधायक के शिमला, पंचकूला, बिलासपुर शहर और विदेश में मकान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व सदर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल की संपत्ति की जांच की मांग उठाई है। बुधवार को बिलासपुर नगर के सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करते हुए पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने आरोप लगाए हैं कि सदर विधायक के शिमला, पंचकूला, बिलासपुर शहर व विदेश में मकान हैं। यह सब संपत्ति विधायक के पास कैसे आई ? चुनावों से पहले उनके पास कोई और गाड़ी थी और चुनावों के बाद उनके पास महंगी और गाड़ी कैस आ गई। उन्होंने कहा कि वह शिमला में पहले मात्र वकील हुआ करते थे और उसके बाद सीएम के सहालकार। ऐसे में इतनी संपत्ति अर्जित कैसे हो गई। बंबर ठाकुर ने



**एक सप्ताह के भीतर सीएम को इस मामले को लेकर भेजेंगे ज्ञापन**

कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो वह बिलासपुर की जनता के साथ मिलकर शिमला में जाएंगे। वहां पर मुख्यमंत्री से मिलेंगे और त्रिलोक जम्वाल की संपत्ति की जांच की मांग उठाई जाएगी। उन्होंने आरोप लगाए हैं कि त्रिलोक जम्वाल के बैंक खातों में प्रतिदिन काफी पैसों का लेनदेन होता है और उनके खाते में काफी पैसे आते हैं, जिसकी सारी जांच की जानी चाहिए।

### चिट्टा तस्करों के साथ है सीधा संपर्क

**प्रेसवार्ता** करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि वह इस सारे मामले को लेकर एक सप्ताह के भीतर सीएम को ज्ञापन सौंपने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह भाजपा कार्यालय के बाहर भी धरना प्रदर्शन देने से परहेज नहीं करेंगे। बंबर ठाकुर ने आरोप लगाए हैं कि बिलासपुर में चिट्टा तस्करों के साथ विधायक का सीधा संपर्क है और उनके उपर जो हमला हुआ है, उसमें भी त्रिलोक जम्वाल के ही नशेड़ी लोग शामिल थे। उनके द्वारा ही हरियाणा से शूटर बुलाए गए थे, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि है कि वे शूटर अभी भी उनकी रैकी कर रहे हैं और बिलासपुर में घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा वैसे तो नशेड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कहती है, लेकिन अडानी के ही बंद्रगाह पर करोड़ों रूपये का चिट्टा पकड़ा गया, उस विषय पर भाजपा का कोई भी शीर्ष नेतृव्य नहीं बोल पाया है। ऐसे में उन्होंने यह भी कहा है कि बिलासपुर में भी नशेड़ियों को भाजपा का पूरा समर्थन है। यही कारण है कि आज वही नशेड़ी गुड़ागर्दी पर उतर आए हैं।

## बंबर ठाकुर पहले अपनी संपत्ति का दें ब्यौरा: हंसराज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बुधवार को बिलासपुर नगर के सर्किट हाउस में भाजपा मंडलाध्यक्ष हंसराज ठाकुर ने प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के बयानों पर पलटवार करते हुए उन पर खूब जुबानी हमला किया। उन्होंने कहा कि दूसरों पर आरोप लगाने वाले बंबर ठाकुर पहले अपनी संपत्ति के बारे में ब्यौरा दें। उन्होंने कहा कि त्रिलोक जम्वाल के खिलाफ बंबर ठाकुर आये दिन अनाप-शनाप बयान देते रहते हैं। वह पहले इस



बात का स्पष्टीकरण दें कि 2015 से लेकर 2022 तक ऐसा कौन सा काम किया, जो उन्होंने इस अवधि में सैकड़ों एकड़ जमीन की खरीद की। इस अवधि के दौरान बंबर ठाकुर ने अपने नाम से 12 स्थानों पर जमीन खरीदी, वहीं उनके पत्नी के नाम पर भी जमीन खरीद हुई है। यही नहीं बंबर ठाकुर के 22 बैंक खातों में करोड़ों रुपए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस तरह से उनके संपति के बढ़ोतरी होती जा रही है कि उससे उनके पर फोरलेन निर्माण के दौरान घोटाले के लगे आरोप सच लग रहे हैं एवं उन्होंने फोरलेन के नाम पैसे इकट्ठा किए हैं। अब बंबर ठाकुर की स्थिति यह हो चुकी है कि कांग्रेस में भी उन्हें तवज्जो नहीं दी जा रही है, इसलिए अपनी शाख बचाने के लिए इस तरह के बयान दिए जा रहे हैं।

## घुमारवीं आईटीआई को आज तक क्यों नहीं मिल पाई जमीन : मनोहर शर्मा

**बिलासपुर।** आजाद हिंद क्रांतिकारी पार्टी के संस्थापक मनोहर शर्मा ने वर्तमान सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि घुमारवीं आईटीआई को आज तक न जमीन मिली और न ही भवन बन पाया, जबकि आईटीआई को खुले हुए लगभग 14 साल बीत चुके हैं। क्षेत्र में प्राइवेट आईटीआई को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे आम जनता के बच्चे आईटीआई करने में असमर्थ होते जा रहे हैं।

# विद्यार्थियों ने वेस्ट मैटीरियल से बनाईं सजावटी वस्तुएं



**अनंत ज्ञान, झंडूता**

राजकीय महाविद्यालय झंडूता में अनुपयोगी वस्तुओं के उपयोग पर एक प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अनुपयोगी वस्तुओं को उपयोग में लाने के लिए कई प्रकार की सजावट की वस्तुओं का निर्माण किया। विद्यार्थियों ने कांच की बोतल, शीशा, प्लास्टिक, थर्माकोल, टूटी चूड़ियां इत्यादि का उपयोग कर नए-नए तरीके से विभिन्न सजावटी वस्तुएं तैयार कीं। साथ ही इन अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग करके भारत की संस्कृति को कलाकृतियों के माध्यम से प्रदर्शित करने का प्रयास भी किया गया। इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार के मार्गदर्शन में हुई।

इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के कई विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा सभी विद्यार्थियों का प्रदर्शन बेहतर रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रमुख विषयों को प्रकाशित किया तथा विद्यार्थियों से आग्रह किया कि इस तरह की वस्तुओं का निर्माण भविष्य में भी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी और प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाएंगी, ताकि बढ़ते हुए ठोस-कचरा आदि को उपयोग में लाकर इस तरह की वस्तुओं का निर्माण किया जाता रहे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रदूषण के प्रति समाज को जागरूक करना तथा धरती तथा पानी को प्रदूषित होने से बचाना है। इस मुहिम में महाविद्यालय अपने समूचे प्राध्यापक वर्ग के साथ भूमि और जल प्रदूषण को रोकने के कारगर उपायों को अपने और विद्यार्थियों के जीवन में उतारने के लिए दृढ़ संकल्प लिए हुए हैं। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत एकल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर काजल, द्वितीय स्थान पर अंचल तथा तृतीय स्थान पर शिवानी रही। समूह प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर श्रद्धा एवं साथी तथा द्वितीय स्थान पर अंकिता एवं साथी और कृतिका एवं साथियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त अध्यापक वर्ग भी उपस्थित रहा।

## कंदरौर स्कूल में 23 और 24 को होगी महिला कबड्डी प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राज्य स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 23 और 24 नवंबर को जिला बिलासपुर के स्वामी विवेकानंद मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कंदरौर में आयोजित होगी। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव कृष्ण लाल ने दी। उन्होंने बताया कि सीनियर महिला कबड्डी टीमों के चयन के लिए खिलाड़ी की अधिकतर भार सीमा 75 किलोग्राम तय की गई है। जबकि आयु की कोई सीमा नहीं है। सभी टीमों का रिपोर्टिंग टाइम 22 नवंबर शाम तक होगा तथा उसी शाम को वजन मापन का कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा। मुकाबले 23 व 24 नवंबर को आयोजित किए जाएंगे। महासचिव ने बताया कि भाग लेने वाली टीमों को अपनी सूचना 19 नवंबर तक आयोजकों को देनी होगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रतियोगिता में भाग न लेने वाली टीम को इसका कारण भी स्पष्ट करना होगा। उन्होंने सभी संबंधित जिलों से आग्रह है कि निर्धारित समय पर प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाए। उन्होंने जिलों की एसोसिएशन के पदाधिकारियों से अपील की है कि अपने-अपने जिलों की वरिष्ठ महिला खिलाड़ियों की टीमों का चयन करने के लिए ट्रायल शीघ्र करवा ले, ताकि समय पर हर जिला उनके लिए कोचिंग कैंप भी आयोजित कर सके।

**कार्यक्रम** मंत्री धर्माणी ने घुमारवीं में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कला एवं रंगोत्सव का किया शुभारंभ

# विकसित भारत बनाने में बच्चों की होगी अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर शहरी आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने बुधवार को घुमारवीं में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कला एवं रंगोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

यह कार्यक्रम 8 नवंबर तक आयोजित हो रहा है, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से लगभग 280 प्रतिभागी नृत्य, गायन, वादन, नाट्य कला, चित्रकला, पारंपरिक कहानियां, रंगोली, विजुअल आर्ट जैसी विभिन्न विधाओं में अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। मंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत



को विकसित बनाने के सपने को साकार करने में स्कूलों और बच्चों की अहम भूमिका होगी।

बच्चों को न केवल शैक्षणिक दृष्टि से, बल्कि मानसिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी तैयार करना होगा। उन्होंने शिक्षा, खेल, संगीत, कला और संस्कृति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इन विधाओं से बच्चों में सकारात्मक सोच और मानसिक शांति का विकास होता है, जो उन्हें भविष्य में देश के विकास में योगदान देने के लिए सक्षम बनाता है।

धर्माणी ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमारे समाज में यह जरूरी है कि हम एक-दूसरे की सहायता करें और साथ चलें। अगर हम बच्चों को सही दिशा में मार्गदर्शन देंगे, तो वे न केवल अपने व्यक्तिगत जीवन में सफल होंगे, बल्कि वे पूरे देश को प्रगति की दिशा में ले जाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने बच्चों को यह भी समझाया कि वे न केवल अपनी सफलता के लिए, बल्कि देश के भविष्य के निर्माण में भी अपनी जिम्मेदारी को निभाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### भूस्खलन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पठानकोट-चंबा-भरमौर नेशनल हाईवे पर दुर्गेठी के समीप अचानक हुए भूस्खलन की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कुलदीप सिंह (38) पुत्र किक्कर सिंह निवासी गांव भरमाड़ तहसील जवाली के रूप में हुई है, जो भरमौर से चंबा की तरफ जा रहा था, कि जैसे ही वह दुर्गेठी घार के समीप पहुंचा तो ऊपर से भारी भरकम मलवा सड़क पर आ गिरा, जिसकी चपेट में उसकी मोटरसाइकिल आ गई तथा उसकी घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी भरमौर अंकुश डोगरा अपनी टीम सहित घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



### उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस मेला 19 नवंबर को

**अनंत ज्ञान, गोहर।** रेडक्रॉस मेला के सफल आयोजन के संबंध में आवश्यक तैयारियों व कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारण करने के लिए एसडीएम गोहर लक्ष्मण कनेट की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम ने कहा कि उपमंडल स्तर पर रेडक्रॉस मेला का आयोजन 19 नवंबर को खयोड़ मेला मैदान में किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम से संबंधित जिम्मेदारियों के बारे में बताया और सभी तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 'नशा मुक्त गोहर- स्वस्थ गोहर' के तहत आयोजित किया जा रहे रेडक्रॉस मेले में हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्कूलों में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी तथा महिला मंडल, युवक मंडल, स्वयं सहायता समूह के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम व रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन मेले के दौरान किया जाएगा।उन्होंने कहा कि मेले के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल व प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी।



### कांग्रेस आपातकाल में करती है सभी काम: रणधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक रणधीर शर्मा ने कहा की हिमाचल प्रदेश की कार्यकारिणी भंग हो गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस पार्टी सभी काम आपातकाल में ही करती है। आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस ने अपनी कार्यकारिणी भंग भी आपातकालीन रूप में करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार कांग्रेस के भीतर गुटबाजी के बारे प्रश्न उठती आई है और आज यह आरोप सत्य सिद्ध होते हुए है, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा लिए गए इस एक्शन से कांग्रेस पार्टी के अंतर्द्वंद को सत्य सिद्ध किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अंतर्कलह चरम सीमा पर थी और इसका गुब्बार आज फट चुका है। ऐसे कहीं उदाहरण हैं, जब कांग्रेस पार्टी आपस में ही उलझ कर कार्य कर रही थी, हिमाचल की सियासत का गढ़ बने हमीरपुर जिला में कांग्रेस के भीतर उठ रहे बगावत के सुर घातक साबित होने वाले हैं। जिले की पांचों विधानसभा में सामने आ रही कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नराजगी आने वाले समय में किसी बड़ी बगावत की ओर संकेत दे रही है। कांग्रेस कार्यकर्ता निरंतर अनदेखी का आरोप लगाते हुए अपनी नाराजगी दिखा रहे हैं। नादौन विधानसभा को छोड़ कर बाकी चारों विधानसभाओं में जिस तरह से कार्यकर्ता नाराज नजर आ रहे है, वह पार्टी हित मे कदापि सही नहीं है। भोरंज में विधायक सुरेश कुमार के होते हुए भी कांग्रेस के कार्यकर्ता लगातार अनदेखी का आरोप लगा रहे हैं।

# तेलका व भलेई में दो मेडिकल स्टोर सील

## विभाग जांच में जुटा, स्टोर संचालकों को दवाइयों का रिकॉर्ड जमा करवाने के दिए आदेश

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



स्वास्थ्य विभाग द्वारा अवैध रूप से चल रही दवा की दुकानों एवं झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ छेड़े गए अभियान के अंतर्गत बीते कल उप-तहसील तेलका में अवैध रूप से चल रही दो दवाई की दुकानों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें सील कर दिया है। इसके अलावा भलेई में चल रहे एक आयुर्वेदिक स्टोर में भी छापामारी कर उसे पर बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई।

बता दें कि आयुर्वेदिक स्टोर में प्रतिबंधित तीन दवाइयां भी बरामद की हैं, जिन्हें युवा पीढ़ी नशे के रूप में इस्तेमाल करती है। स्वास्थ्य विभाग ने स्टोर के संचालक को इन दवाइयों के क्रय-विक्रय का पूरा रिकॉर्ड जमा करवाने के भी आदेश जारी कर दिए हैं। रिकॉर्ड न देने पर उसके खिलाफ विभाग उचित कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाएगा। वहीं, तेल का बाजार में जब स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दबिश दी तो बिना लाइसेंस के चल रही दो दुकानों का पर्दाफाश हुआ। जिसमें दोनों दवा विक्रेताओं कार्रवाई करते हुए दोनों दुकानों को सील कर दिया गया। बता दें कि जैसे ही दवा विक्रेताओं को स्वास्थ्य विभाग के बारे में पता चला दोनों ही दुकानदार दुकानों के शटर बंद कर भाग गए, किंतु जब बताए फोन नंबरों पर उन्हें बुलाया गया तो दोनों मौके पर नहीं पहुंचे। विभाग ने तुरंत कार्रवाई को अंजाम देते हुए दोनों दुकानों को सील कर दिया है तथा दुकानों के बाहर सरकारी नोटिस भी चिपका दिया है।

बता दें कि यदि दोनों दवा विक्रेताओं की रिकॉर्ड सही पाए जाते हैं तो वे कुछ हद तक बच सकते हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जांच दल का सहयोग न करना भी इन दवा विक्रेताओं पर कई सवालिया निशान लगता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में अवैध रूप से चल रही दवा की दुकानों के बारे में विभाग को शिकायतें मिल रही थी तथा विभाग ने गुपचुप तरीके से दबिश देकर दुकानों पर शिकंजा कस कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई है। वहीं, निशांत सरीन सहायक राज्य दवा नियंत्रक अधिकारी चंबा ने बताया कि अवैध रूप से दवा विक्रेताओं तथा झोलाछाप डॉक्टरों को लेकर विभाग ने अपना अभियान तेज कर दिया है तथा जो भी ऐसे दुकानदार या डॉक्टर हैं जो बिना किसी पंजीकरण अथवा लाइसेंस के बिना काम कर रहे हैं, उनके खिलाफ स्वास्थ्य विभाग उचित कार्रवाई अमल में लाएगा। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि वे स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें। (अनंत ज्ञान)

# सांसद कंगना भरमौर में एक धार्मिक समारोह में हुईं शामिल



**ओपी शर्मा, भरमौर**

मंडी लोक सभा क्षेत्र सांसद कंगना रानौत बुधवार को भरमौर दौरे पर पहुंची। भरमौर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सांसद कंगना रानाउत तीन बजे के करीब भरमौर पहुंची।

धार्मिक कार्यक्रम चौरासी मंदिर परिसर में शिव मंदिर में आयोजित होने वाले शिव पूजन (नवाला) से पूर्व उन्होंने शिवजी के मुख्य मंदिर के पंडाल में हवन किया। इसके पश्चात सांसद वीरवार को साढ़े दस बजे कार्यकर्ता पदाधिकारियों की बैठक में शिरकत करेंगी और इसके साथ ही केंद्रीय योजना को लेकर प्रशासन के साथ बैठक भी करेंगी। दोपहर 12 बजे नवाले की धाम में भी शिरकत करेंगी। भरमौर दौरे को लेकर सांसद को देखने के लिए यहां के लोगों में भी काफी उत्सुकता देखा गया है।

हालांकि, बुधवार को कंगना धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। कार्यकर्ताओं से अधिक स्थानीय लोगों में सासंद की एक झलक पाने को लोगों में काफी उत्सुकता देखी गई। इस अवसर पर भरमौर के विधायक डाक्टर जनक राज विशेष रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# कुगति में किसानों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



भरमौर की पंचायत कुगति में विभिन्न विभागों द्वारा संयुक्त जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। संयुक्त शिविर में कृषि, उद्यान, आत्मा परियोजना, पशुपालन, बाल विकास, तहसील कल्याण, पंचायतीराज और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत करवाया। विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि विभाग भरमौर डॉ. जितेंद्र वर्धन ने कहा कि संयुक्त शिविर का आयोजन कार्यवाहक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उन्होंनें कहा कि संयुक्त जागरूकता शिविर का एकमात्र उद्देश्य है कि लोगों को घर-घर तक सभी विभागीय योजनाओं से अवगत करवाया जाएं, ताकि सभी किसान, बागवान व अन्य लोग विभागीय योजनाओं के बारे में जागरुक हो सके और लोगों की समस्याओं का निवारण भी हो सके। शिविर के दौरान उन्होंनें यह भी बताया कि यह पहल सभी भरमौर क्षेत्र के लोगों को उन्नति की और अग्रसर करने में मदद करेगी और यह सयुंक्त जागरूकता शिविर लोगों के लिए बहुत ही लाभकारी साबित होंगे।

इस दौरान कृषि विभाग की तरफ से कुगति पंचायत के किसानों को मटर के बीज तथा स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को दवाइयां भी वितरित की और हेल्थ चेकअप करके उनकी बीमारियों का निवारण भी किया। इस दौरान प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं बारे लोगों को अवगत करवाया। इस अवसर पर तहसील कल्याण अधिकारी सुरजीत कुमार सहित अधिकारी व कर्मचारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहें।

# ढुंडियारा में एनएच 154-ए बना परेशानी का सबब

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



राष्ट्रीय महामार्ग एन एच 154-ए पर स्थित गांव ढुंडियारा के पास सड़क का एक हिस्सा बीते काफी समय से क्षतिग्रस्त है, जिसकी वजह से कई बार भारी भरकम सामान लाते हुए वाहन कमानियां टूटने की वजह से खराब हो चुके हैं। जिस कारण ट्रक चालकों एवं आने-जाने वालों को भारी मुश्किल का सामना करना पड़ता है।

बता दें कि ढुंडियारा बंगला का यह वही स्थान है जहां बीते कुछ समय में भारी भूस्खलन के कारण एक ईंटों से भरा ट्रक चपेट में आ गया था तथा साथ लगते एक होटल में भारी मालवा घुसा था। जिससे भारी नुकसान देखने को मिला था। हालांकि, स्थानीय गांववासियों ने कई बार इस खराब रास्ते को लेकर स्थानीय प्रशासन को अवगत भी करवाया, किंतु अभी तक इस खराब छोटे से हिस्से को लेकर स्थानीय प्रशासन ने कोई उचित कदम नहीं उठाए हैं। इस पर एनएच प्राधिकरण चंबा के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि ढुंडियारा बंगला के पास जो खराब हिस्सा है वह हिस्सा निरंतर धंसता है जिसको लेकर कई बार पूर्ण रूप से ठीक भी किया गया, परंतु कुछ समय बाद रास्ते की हालत फिर से वैसी ही हो गई।

उन्होंने यह भी बताया हो सकता है जमीन के नीचे पानी के साथ-साथ दलदल है जिसकी वजह से कुछ समय बाद जमीन में दरारें आ जाती हैं, लेकिन एनएच प्राधिकरण इस हिस्से को लेकर जल्द ही कोई ठोस कदम उठाएगा।

# हेल्थ एवं वैलनेस केंद्र ने लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंबा**




चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा ने हेल्थ एवं वैलनेस केंद्र झुलाड़ा (चंबा ब्लॉक) के बच्चों, अधिकारियों, अन्य स्टाफ व ग्रामीणों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक कपिल शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान टोल फ्री नंबर 1098 की विस्तृत जानकारी दी व मुफ्त चाइल्ड हेल्पलाइन फोन सेवा के माध्यम से अनाथ, स्कूल छोड़ चुके, घर से भागे हुए, मानसिक और शारीरिक शारीरिक रूप से अक्षम व अन्य किसी भी कारण से शोषित बच्चों हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित प्रतिभागियों को पोक्सो अधिनियम के संबंध में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बताया गया कि यदि किसी के द्वारा नाबालिक बच्चों को बहलाया-फुसलाया जाता है तो इसे किसी भी रूप में नजरअंदाज न किया जाए। इसके साथ नशे की बुराई व सोशल-मीडिया के इस्तेमाल के संबंध में भी चर्चा की गई व सोशल मीडिया के लाभ एवं हानियां बताई गईं।

चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक द्वारा सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श का अंतर समझाया और अनजान लोगों से सोशल मीडिया आदि प्लेटफार्म से दूर रहने की सलाह दी। इसके साथ ही अनुशासन, स्वास्थ्य, नैतिक शिक्षा से जुडी कुछ बहुमूल्य जानकारियों को भी साझा किया गया। गर्भवती महिलाओं के साथ भी स्वास्थ्य संबंधी चर्चा की गई। कार्यक्रम में सीएचओ काजल कुमारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता मुकेश कुमारी, आशा कार्यकर्ता दर्शना, हितो देवी, रजनी, हेल्थ एंबेसडर यशपाल एवं सीमा सहित ग्राम पंचायत कुठेड़ के उप-प्रधान भीखम जी व स्वयं सहायता समूह की प्रधान शकुंतला देवी ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# बैंक खाते का पिन और ओटीपी न करें शेयर: विशाल शर्मा

**जुन्गा (शिमला)।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक सीमित, शाखा जुन्गा के सौजन्य से को पंचायत कार्यालय जुन्गा के सभागार में एकदिवसीय डिजिटल वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम, डिजिटल बैंकिंग व नकदी रहित लेन-देन के बारे शिविर का आयोजन किया गया। बैंक प्रबन्धक विशाल शर्मा ने ग्रामीणों को नेफ्ट, आरटीजीएस, आईएमपीएस आदि सुविधाओं तथा भीम, हिमपैसा ऐप के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में राज्य सहकारी बैंक, केंद्र सरकार, राज्य सरकार और नाबार्ड द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं बारे जानकारी दी गई। उन्होंने ग्रामीणों को स्वयं सहायता समूह के गठन, प्रबंधन तथा उनके ऋण के बारे में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। इसके अलावा उन्होंने बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जैसे सशक्त महिला ऋण योजना, सपनों का संचय, आदि के बारे जानकारी दी गई। उन्होने बैंक अकॉउंट के किसी भी प्रकार के पिन व ओटीपी को किसी व्यक्ति से सांझा न करने की सलाह दी।

# नोडल अधिकारी ने किया स्कूलों का दौरा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



नोडल अधिकारी सुधीर भाटिया ने परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 की तैयारियों के लिए स्कूलों में आयोजित की जा रही परख गतिविधियों की प्रगति की निगरानी के लिए बुधवार को जिला चंबा के विभिन्न स्कूलों का दौरा किया तथा तीसरी छठी और नवमी कक्षा के छात्रों से बातचीत की।

भाटिया ने शिक्षकों को अधिक सक्रिय होने तथा परख तैयारियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रों को आगामी मूल्यांकन परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने आगामी परख सर्वेक्षण के बारे में चर्चा करने के लिए केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय का भी दौरा किया तथा संबंधित प्रधानाचार्यों से इस संबंध में किए जा रहे विभिन्न प्रयासों बारू चर्चा की। उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग ने इस सर्वेक्षण में हिमाचल प्रदेश का रैंक सुधारने के लिए अनेक सार्थक कदम उठाए हैं। योग्यता आधारित अध्ययन सामग्री की सभी उपनिदेशकों को आपूर्ति की जा रही है जिसे जिले के प्रत्येक ब्लॉक में सांझा किया जाना है ताकि शिक्षक छात्रों को इन दक्षताओं के आधार पर प्रश्नों का अभ्यास करवा सकें। भाटिया ने बताया कि छात्रों की समझ के स्तर और शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी परीक्षा 4 दिसंबर को आयोजित की जा रही है, इसमें राज्य के चयनित स्कूलों के कक्षा तीसरी, छठी और 9वीं के विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया जाएगा। तीसरा मॉक टेस्ट 19 नवंबर को प्रदेश के सभी सरकारी तथा निजी स्कूलों में आयोजित किया जाना है मुख्य परीक्षा 4 दिसंबर को होगी। उन्होंने बताया कि परख सर्वेक्षण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है सरकार के इस बारे में साफ आदेश हैं कि इस सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाए।



हिमाचल प्रदेश वोकेशनल स्टेट को-ऑर्डिनेटर के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के लिए 51000 रुपए का अंशदान किया।

# विजेंद्र मेहरा बने जिला सचिव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कमेटी शिमला का दो दिवसीय सम्मेलन रामपुर में संपन्न हुआ। सम्मेलन में 17 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। विजेंद्र मेहरा को जिला सचिव, देवकीनंद, जगत राम, फालमा चौहान, कुलदीप डोगरा, अजय दुलटा, बालक राम, संदीप वर्मा, प्रेम चौहान, पूर्ण ठाकुर, अमित कुमार, विजय राजटा, सुखी राम, करतार सिंह, जयशिव ठाकुर, महेश वर्मा, अनिल ठाकुर को जिला कमेटी सदस्य चुना गया। कॉमरेड राजीव चौहान, रणजीत ठाकुर, दिनीत देंटा, सन्नी सिकटा व कमल शर्मा को जिला कमेटी में आमंत्रित सदस्य चुना गया। सम्मेलन का उद्घाटन पार्टी राज्य सचिव डॉ. ओंकार शाद ने किया। सम्मेलन का समापन पार्टी राज्य सचिवमंडल सदस्य राकेश सिंघा ने किया। सम्मेलन को राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय चौहान, जिला सचिव विजेंद्र मेहरा, जगत राम, फालमा चौहान, देवकीनंद व कुलदीप डोगरा ने संबोधित किया।

### सूडोकु 00110 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 00109 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

7 नवंबर, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत कार्तिक, **तिथि** षष्ठीः (12:37): **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ (11:47), **पक्ष :** शुक्ल, **योग :** धृति (09:50) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:42-12:28), **राहुकाल** (01:26 -02:48)।

### विशेष दिन

- 7 नवंबर: सूर्य षष्ठी व्रत आज।
- 8 नवंबर: अष्टान्हिका पर्व कल से प्रारंभ।

**मेषः** आज आपका दिन विशेष रूप से लाभदायी है। निवेश, व्यापार, नौकरी, विद्या सभी क्षेत्रों में आज लाभ ही लाभ के संकेत हैं।

**वृषभः** आप आज हर काम सरलता से संपन्न कर पाएंगे। नौकरी में आपके उच्च पदाधिकारी खुश रहेंगे। कार्य की व्यस्तता रहेगी।

**मिथुनः** भाग्य के साथ पूर्वनिर्धारित कार्य की तरफ आज आपको प्रयास करना होगा। धार्मिक एवं मांगलिक कार्यों में व्यस्त रहने की संभावनाएं बन रही हैं।

**कर्कः** आज के दिन किसी भी नए कार्य का श्रीगणेश न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, यात्रा से परहेज करें, वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं।

**सिंहः** आज आपका दिन आनंद में बीतेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी और जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्याः** सुख शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा, शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी, अधूरे कार्य संपन्न होंगे। कोई शुभ सूचना मिलेगी।

**तुलाः** आज साहित्य एवं कला में आपकी रुचि रहेगी। मन में कल्पना की तरंगें उठेंगी, बौद्धिक चर्चाओं में भाग अवश्य लें।

**वृश्चिकः** आज आपकी मनःस्थिति नकारात्मकता की ओर झुक सकती है। परिवार में क्लेशमय वातावरण से मन खिन्न हो सकता है।

**धनु :** मानसिक रूप से आज आप हल्कापन महसूस करेंगे। आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल हटने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी।

**मकरः** आज रुका हुआ धन आपको अवश्य प्राप्त होगा। धन निवेश के लिए भी दिन लाभकारी है। आज दिन शुभ योग में है।

**कुंभः** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप तन-मन से स्वस्थ होकर कार्य कर पाएंगे, जिससे कार्य में उत्साह एवं उर्जा का अनुभव होगा।

**मीनः** आज आपका दिन अस्वस्थता और बेचैनी के साथ बीतेगा, किसी का भला करने पर भी आप पर ही विपत्ति आ सकती है।

# स्वयंसेवियों को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित



**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धमवाड़ी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रीतम नेगी ने बतौर मुख्यातिथि व बतौर विशिष्टातिथि एसएमसी सदस्य आशा देवी, सरोजनी, बबीता देवी, अंजना, सोहन रूमाण व श्याम खेपान ने किया। शिविर में विद्यालय के 25 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी आशा ठाकुर व डॉ. उमेश दाऊटू ने बताया कि इस दौरान रामबोट धमवाड़ी गांव में साक्षरता, स्वच्छता अभियान, जल स्रोतों की सफाई व पर्यावरण जागरूक रैली निकाली जाएगी।

मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में स्वयंसेवियों को पर्यावरण संरक्षण तथा नशे से दूर रहने के लिए उन्हें प्रेरित किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य बीरबल कल्याण ने मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथियों का विद्यालय में पधारने पर धन्यवाद किया और स्वयंसेवियों को इस सात दिवसीय विशेष शिविर में अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित किया। (अनंत ज्ञान)

**मूल्यांकन** जापान की अधिकारी सुयामात्सु ने बिक्री केंद्र का किया दौरा

# उत्पादों और हस्तनिर्मित वस्तुओं को सराहा

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**



सामूहिक चित्र में महिलाएं।

जायका के अंतर्गत जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी की अधिकारी सुयामात्सु टोमोयो ने शीतला स्वयं सहायता समूह सुंदरनगर के ललित नगर स्थित बिक्री केंद्र का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ जायका इंडिया की विकास विशेषज्ञ निष्ठा वेगुर्लेकर भी मौजूद रही। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य जायका परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यान्वयन और प्रगति व लाभ का जायजा लेकर मूल्यांकन करना रहा। जापान से सुंदरनगर पहुंची सुयामात्सु टोमोयो ने शीतला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए स्थानीय उत्पादों और हस्तनिर्मित वस्तुओं को खूब सराहा गया। शीतला स्वयं सहायता समूह बैरी-मनसाईं तहसील सुंदरनगर मंडी की अध्यक्ष रक्षा देवी ने बताया कि वर्तमान में उनके स्वयं सहायता समूह के साथ लगभग 50 से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं। महिलाओं द्वारा विभिन्न स्थानीय खाद्य उत्पादों, मिठाइयां और हस्तनिर्मित वस्तुओं को बनाकर आत्मनिर्भरता की ओर अपनी एक अलग ही पहचान बना रही हैं। जापान से आए दल ने उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों का अवलोकन किया और खूब सराहना की।

शीतला स्वयं सहायता समूह बैरी-मनसाईं तहसील सुंदरनगर मंडी की महिलाओं ने शुरुआत में 15 महिलाओं के समूह के साथ कार्य शुरू किया था। इसके बाद अपने कड़े परिश्रम से आगे बढ़ते हुए शीतला स्वयं सहायता समूह में 50 से अधिक महिलाएं जुड़ गई हैं। अब समूह 100 से अधिक उत्पाद बनाकर आत्मनिर्भरता की ओर निरंतर अग्रसर है। (अनंत ज्ञान)

**हमें** शांति के लिए उतनी ही बहादुरी से लड़ना चाहिए, जितना हम युद्ध में लड़ते हैं। —लाल बहादुर शास्त्री

## संपादकीय

# ट्रंप की जीत के मायने

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर शानदार जीत दर्ज कर सबको चकित कर दिया है। ट्रंप की पार्टी ने रुझानों में बहुमत का आंकड़ा हासिल कर लिया है। दूसरी ओर, अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट में भी रिपब्लिकन पार्टी ने दबदबा कायम किया। रिपब्लिकन पार्टी ने बीते चार साल में पहली बार सीनेट में बहुमत हासिल किया है। सत्तासीन डेमोक्रेटिक पार्टी को झटका लगा है। 100 सदस्यीय सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी के 51 और डेमोक्रेट पार्टी के 42 सांसद हो गए हैं। भारत की तरह ही अमेरिका चुनाव में भी एग्जिट पोल फेल साबित हुए हैं। ज्यादातर सर्वे करने वाले ट्रंप की सुनामी को समझने में फेल साबित हुए। ट्रंप की जीत का कई देशों पर असर पड़ेगा। अमेरिका के लिए इसराइल, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, जापान और भारत महत्वपूर्ण दोस्त देश हैं। इन सब देशों के साथ अमेरिका के राजनीतिक, रणनीतिक, सैन्य, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। दूसरी ओर, उत्तर कोरिया, इरान, चीन, रूस और क्यूबा को अमेरिका दुश्मन देश मानता है।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इन देशों के साथ अमेरिका के संबंध जटिल और बहुस्तरीय हो सकते हैं जो विभिन्न कारकों पर निर्भर करते हैं। ट्रंप की इस जीत के भारत के लिए कई मायने हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, ट्रंप के चुने जाने का फायदा भारत को भी होगा। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को बूस्ट मिल सकता है, क्योंकि भारत की अर्थव्यवस्था घरेलू खपत पर निर्भर करती है। आईटी कंपनियों के लिए नए रास्ते खुल सकते हैं। खासतौर पर अगर ट्रंप व्यापार के मामले में चीन के मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा खत्म कर दें। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि वो जीते तो युद्ध रुकवा देंगे। अगर किसी भी तरह से ऐसा हो गया, तो यह भारत के लिए भी बेहतर रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी कई मंचों पर कह ही चुके हैं कि यह युद्ध का समय नहीं है। यानी ट्रंप के जीतने के बाद भारत को कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अमेरिका जैसे सबसे शक्तिशाली देश का साथ मिलने से उसकी स्थिति और ज्यादा मजबूत होगी।

कई जानकार मानते हैं कि जो बाइडेन के दौर के मुकाबले ट्रंप के दौर में भारत के अंदरूनी मामलों में दखल कम रहेगा। कुछ जानकार मानते हैं कि इस मामले में इतनी उम्मीद भी ठीक नहीं है। ट्रंप टैरिफ के मामले में कई बार भारत की आलोचना कर चुके हैं। मई 2019 में वो भारत को टैरिफ किंग बता चुके हैं। उन्होंने कहा था कि भारत अमेरिकी कंपनियों को अपने मार्केट में उचित पहुंच नहीं देता। राष्ट्रपति रहते उन्होंने भारतीय स्टील और एल्युमिनियम प्रोडक्ट पर इंपोर्ट ड्यूटी भी बढ़ा दी थी। ऐसा भी नहीं है कि ट्रंप के शासनकाल में भारत के लिए सब अच्छा ही रहे। डर यह भी है कि क्या अब भारत में आईटी इंडस्ट्री की जॉब्स जाना शुरू होंगी? ट्रंप अपने चुनाव प्रचार के दौरान इमिग्रेशन पॉलिसी को लेकर काफी मुखर रहे हैं। उन्होंने साफ कर दिया है कि एच-1बी वीजा प्रोग्राम को सीमित करेंगे। इसका नुकसान भारतीयों को ही सबसे ज्यादा होने वाला है, क्योंकि अगर इस पॉलिसी में बदलाव होता है तो वीजा रिजेक्शन से लेकर प्रोसेसिंग फीस तक बढ़ जाएगी। भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स अमेरिका में नौकरी करने के लिए इसी वीजा पर निर्भर करते हैं। तरजीह व्यापार समझौते में एक देश दूसरे देश के साथ कुछ सामानों पर शुल्क कम रखते हैं जिससे ट्रेड करना आसान हो सके।

अपने कार्यकाल के दौरान ट्रंप ने भारत को ईरान से तेल खरीदने और रूस से एस-400 एंटी-एयर क्राफ्ट मिसाइल लेने की भारत की योजना को लेकर कई तरह के प्रतिबंध लगाने की धमकी भी दी थी। इन सब बातों से लगता है कि अमेरिका में फिर ट्रंप के आने के बाद भारत को अमेरिका में सामान बेचने पर ज्यादा टैक्स चुकाना पड़ सकता है। इसका सबसे ज्यादा असर आईटी, फार्मास्यूटिकल्स खासतौर पर जेनेरिक दवाओं और टेक्सटाइल जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर देखने को मिल सकता है। बहरहाल, ट्रंप का राष्ट्रपति बनना भारत के लिए फायदेमंद हो सकता है। इसकी सबसे बड़ी वजह अमेरिका का चीन विरोधी होना है। अब अमेरिका चीन के सामानों पर मोटा टैक्स लगाएगा। दुनियाभर की कंपनियों की चाइना प्लस वन की रणनीति से भारत को फायदा होगा। भारतीय ऑटो कंपनियों के लिए नए निर्यात के नए रास्ते खुलेंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि अमेरिका के साथ भारत के संबंध पूर्व की तरह मधुर बने रहेंगे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक और लेखक

**बिपिन** चंद्र पाल का नाम भारत के स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में 'क्रांतिकारी विचारों के जनक' के रूप में आता है, जो अंग्रेजों की चूलें हिला देने वाली 'लाल' 'बाल' 'पाल' तिकड़ी का एक हिस्सा थे। बंगाल में हबीबगंज जिले के पोइल गांव (वर्तमान में बांग्लादेश) में जन्मे विपिन चंद्र पाल बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वह शिक्षक और पत्रकार होने के साथ-साथ एक कुशल वक्ता और लेखक भी थे। इतिहासकार वीसी साहू के अनुसार बिपिन चंद्र कांग्रेस के क्रांतिकारी देशभक्तों लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चंद्र पाल (लाल बाल पाल) की तिकड़ी का हिस्सा थे, जिन्होंने 1905 में बंगाल विभाजन के विरोध में जबर्दस्त आंदोलन चलाया था। 'वंदे मातरम' पत्रिका के संस्थापक रहे पाल एक बड़े समाज सुधारक भी थे, जिन्होंने परिवार के विरोध के बावजूद एक विधवा से शादी की। बाल गंगाधर तिलक की गिरफ्तारी और 1907 में ब्रितानिया हुकूमत द्वारा चलाए गए दमन के समय पाल इंग्लैंड गए। वह वहां क्रांतिकारी विधार धारा वाले 'इंडिया हाउस' से जुड़ गए और 'स्वराज पत्रिका' की शुरुआत की। मदन लाल ढींगरा के द्वारा 1909 में कर्जन वाइली की हत्या कर दिए जाने के कारण उनकी इस पत्रिका का प्रकाशन बंद हो गया। ■



बिपिन चंद्र पाल
जन्म : 7 नवंबर, 1858
मृत्यु : 20 मई, 1932

कविता



## आदमी

*बोधराज शर्मा*

*चारों तरफ है लूट खसूट, दिल में भरी है खोट।*
*भेड़ की शक्ल में भेड़िये छुपे, छुपकर करते चोट।।*
*मोह, माया के चक्र में, इंसान का ईमान कहीं खो गया।*
*सत्य, धर्म सब छोड़कर इंसान मतलबी सा हो गया।।*
*हेर फेर है खुलमखुला, बढ़-चढ़कर करता बोल।*
*आपा धापी है चारों तरफ सब जगह करता झोल।।*
*मुख में रखता राम राम, बगल में रखता है छुरा।*
*सत्य ईमान कहीं खो गया असली काम है अधूरा।।*
*भेड़ चाल को देखकर, लगा झुंड में कूदने।*
*असली ब्रह्म को छोड़कर, लगा भ्रम को पूजन।।*
*चारों तरफ है मारा मारी, कहीं आराम न पाए।*
*हलाल होता हर शक्स वो, जो सत्य से भटक जाए।।*
*झूठी बनाकर चमक दमक, ऊंचे बनाए है सपने।*
*नकाब पहन कर आदमी चला अपने घर को लूटने।।*
*जन्मों जन्म से अपनी यात्रा को अब तक समझ न पाए।*
*हीरे तुल्य मानव जन्म को क्यों हम अब वृथा गवाएं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' एक सार्थक प्रयास

कैंसर कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि का परिणाम है। सामान्यत: शरीर की कोशिकाएं नियमित रूप से विभाजित होती है और पुरानी कोशिकाओं की जगह नई कोशिकाएं लेती हैं। कैंसर के मामले में यह कोशिकाएं बिना नियंत्रण के विभाजित होती हैं और एक ट्यूमर का निर्माण करती हैं। यदि यह ट्यूमर शरीर के अन्य हिस्सों में फैलने लगता है तो इसे मेटास्टेसिस कहा जाता है, जो कैंसर की गंभीरता को बढ़ा देता है। कैंसर शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकता है जैसे फेफड़े, स्तन ,पेट, लिवर आदि। 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' प्रसिद्ध नोबेल पुरस्कार विजेता मैडम क्यूरी की वर्षगांठ के अवसर पर मनाया जाता है। उनका जन्म 7 नवंबर 1867 में हुआ था और उन्हें उनकी कई महत्वपूर्ण खोज के लिए याद किया जाता है, जिन्होंने कैंसर के खिलाफ चल रही लड़ाई में बहुत योगदान दिया था। उनके उत्कृष्ट शोध ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में विकास और कैंसर के उपचार के लिए रेडियोथैरेपी के उपयोग में मदद की। इस प्रकार 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता' दिवस न केवल मैडम क्यूरी को श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है बल्कि कैंसर से लड़ने की हमारी क्षमता पर उनके वैज्ञानिक प्रयासों के बड़े प्रभाव की याद भी दिलाता है। यह इस बीमारी से प्रभावित अनगिनत व्यक्तियों के जीवन को बेहतर बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए मान्यता का दिन है।

'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' हर साल 7 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना इसके लक्षणों को समझाना और इसके बचाव के उपाय के प्रति सजग करना है। यह दिन विशेष रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि कैंसर एक ऐसा रोग है जो समय रहते अगर पहचान लिया जाए, तो इसका इलाज संभव है अन्यथा यह जानलेवा साबित हो सकता है। 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' एक अवसर है जब हम इस बीमारी के विभिन्न पहलुओं को समझ सकते हैं और इससे बचने के उपाय कर सकते हैं। धूम्रपान और तंबाकू सेवन कैंसर के सबसे बड़े कारणों में से एक है। यह मुख्य रूप से फेफड़ों के कैंसर के लिए जिम्मेदार है। वर्तमान दौर में हमारी बदलती जीवन शैली भी इस रोग का मुख्य कारण है। अस्वस्थ आहार, अनियमित खान-पान, अस्त-व्यस्त दिनचर्या और शारीरिक गतिविधि की कमी से मोटापा बढ़ता है जो कैंसर का जोखिम बढ़ा देता है। जंक फूड और फास्ट फूड को बहुत तवज्जो दी जा रही है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार जंक फूड ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जिसमें पोषक तत्व न के बराबर होते हैं। यह बहुत तैलीय होते हैं और उच्च कैलोरी वाले होते हैं। इसमें अक्सर चीनी, नमक और वसा की मात्रा अधिक रहती है। यह खाद्य पदार्थ चटपटी, मसालेदार ,आकर्षक और इतने स्वादिष्ट बनाए जाते हैं ताकि उनकी मांग और अधिक बढ़े।



लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

आज की व्यस्तता भरी जीवन शैली में फास्ट फूड और जंक फूड ने अपना अहम स्थान बना लिया है, जिसकी सुलभ उपलब्धता होने के कारण इसका काफी चलन बढ़ा है और कैंसर का यह एक मुख्य कारण है। पर्यावरण में प्रदूषण की बढ़ोतरी भी इस समस्या को बढ़ावा दे रही है। दिन-प्रतिदिन उद्योगों से निकलते रसायन, प्लास्टिक पैकिंग चीजों के इस्तेमाल, वाहनों की बढ़ोतरी और उनका प्रदूषण, सब्जियों, फलों और अनाजों में कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग से कैंसर के मामले बढ़े हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, कैंसर अभी भी देश में मृत्यु दर को अत्यधिक बढ़ा रहा है। भारत में हर साल 1.1 मिलियन नए कैंसर के मामले सामने आते हैं, जो देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली और आबादी पर इस बीमारी के गंभीर बोझ को उजागर करता है। इन कैंसर के मामलों का एक बड़ा हिस्सा तब पता चलता है जब बीमारी पहले से ही अंतिम चरण में पहुंच चुकी होती है, जिससे सफल उपचार और बचने की संभावना बहुत कम हो जाती है। इस बड़ी समस्या से निपटने के लिए भारत में कई पहल और कार्यक्रम शुरू किए गए हैं जिनका उद्देश्य कैंसर की रोकथाम पर केंद्रित शोध को तेज़ करना है और यह सुनिश्चित करना है कि बीमारी का शुरुआती चरण में ही निदान और उपचार हो जाए।

यह प्रयास मूल कारणों का पता लगाने, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और समय पर जांच की सुविधा प्रदान करने के लिए किए जाते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कैंसर की पहचान उस चरण में हो जब उपचार सबसे प्रभावी हो सकते हैं। अत: 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' भारत और दुनिया भर में इस स्वास्थ्य संबंधी चुनौती से लड़ने के लिए बड़े पैमाने पर सामूहिक कार्यवाही की अनिवार्य आवश्यकता है। कैंसर के बारे में स्कूल, कॉलेज और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। टेलीविजन, रेडियो, इंटरनेट आदि के माध्यम से कैंसर से संबंधित जानकारी को आम जनता तक पहुंचाना चाहिए। गांव और कस्बों में जागरूकता कैंप और सेमिनार आयोजित करने चाहिए ताकि लोग इस बीमारी को समझ सकें। सरकार और गैर सरकारी संगठनों को कैंसर की नि:शुल्क स्क्रीनिंग और परामर्श केंद्र स्थापित करने चाहिए। स्वस्थ जीवन शैली के लिए यदि हमें अपने शरीर को स्वस्थ और तंदुरुस्त रखना है तो हमें जंक फूड और फास्ट फूड को छोड़कर चना, दालें, हरी पत्तेदार सब्जियां, फल ,स्वस्थ वसा और प्रोटीन युक्त भोजन जैसे फलियां , अंकुरित अनाज आदि को शामिल करना चाहिए। यदि आप प्राकृतिक ताजी उपज से भरपूर आहार का सेवन करते हैं तो कैंसर, मोटापा ,मधुमेह और हृदय संबंधी बीमारियों के जोखिम से भी बच सकते हैं। कैंसर एक गंभीर बीमारी है, लेकिन इससे डरना नहीं चाहिए। 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' हमें इस बीमारी के बारे में जानकारी प्रदान करता है और हमें यह समझने का अवसर देता है कि हम अपने जीवन शैली में बदलाव कर कैंसर के खतरे को कम कर सकते हैं। कैंसर से बचाव और जागरूकता ही इसका सबसे बड़ा उपचार है। सही समय पर निदान और उचित उपचार से कैंसर का सफल इलाज संभव है इसलिए इस दिवस पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम कैंसर के प्रति जागरूक और अपने आसपास के लोगों को भी इस गंभीर बीमारी से बचने के लिए जागरूक करेंगे।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# वो महान भविष्यवक्ता साधु बाबा महाराज जी

उस शाम हम उच्च शिक्षित बेरोजगार बेटों के बाप फिर इकट्ठे थे। अपने आप को बहुत रोकने के बाद आखिर मैं झुंझलाहट में बोल ही पड़ा, 'वो ढोंगी, नकली साधु जरा मुझे अब मिले तो सही ... उसको तो मैं जूतों में पानी पिलाऊं, पर ढूंढू कहां ?' 'कौन - कौन ?' लगभग एक ही साथ चारों मित्रों ने पूछ लिया।' अरे यार, एक था कोई।

लगभग पच्चीस साल पहले कहीं से आवारागर्दी करता हमारे घर आया था, 'मैंने बताया,' उसने मेरे पांच वर्षीय बेटे की हथेली और जन्म कुंडली को देखकर अवर्णनीय विश्वास के साथ घोषणा की कि हमारा बेटा आईएएस करके देश की सरकारें चलाएगा और बेटा प्रथम श्रेणी के अफसर बनने से जरा-सा भी कम रहा तो वो साधु बाबा ( जो कि नकली और ढोंगी था ) हमारे जूतों में पानी पिएगा और ऐसा कहते ही उसने अपना नाम-पता लिखकर मेरे हाथों में थमा दिया। 'चारों मित्र लगभग चिल्ला कर बोलने लगे, ' अरे ! उस असली साधु-संतों को बदनाम करने वाले दुष्ट ढोंगी को मेरी तरफ से भी सड़े हुए जूतों में पानी अवश्य पिला देना।



लेखक : मुमुक्षु के.ठाकुर
मतियारा , मसरूंड , चंबा

आठ-दस डंडे उसकी खोपड़ी पर मेरी तरफ से भी मारना मत भूलना। बहुत सारे थप्पड़, घूंसे, लातें तो हम भी अवश्य ही मारना चाहेंगे। नहीं-नहीं, इतना काफी नहीं है, पीट-पीट कर उस ढोंगी बाबा को अधमरा करना तो बनता ही है ... ! ' अपने मित्रों के मेरे प्रति ऐसा प्रेम, स्नेह, सहानुभूति, अपनापन देखकर मैं दंग रह गया और लगभग मेरी आंखों में आंसू ही आ गए, लेकिन, ये क्या ! आगे की पांच मिनट की हमारी चर्चा में अद्भुत रहस्य से पर्दा हट गया।

वास्तव में पच्चीस साल पीछे उसी दिन, वही कथित साधु बाबा हम सभी के घर आया था और शत-प्रतिशत वही बातें हम सभी के बेटों के बारे में उसी अंदाज के साथ उसने कही थीं।

ऐसे मूर्खतापूर्ण विश्वास और कृत्य का सही फल तो हमें उचित ही मिला। पिछले ढाई दशकों से इस 'महान रहस्य' को छुपाकर हम सभी लगातार इस इंतजार में थे कि कब उस 'दिव्य योगी' 'साधु महाराज' की भविष्यवाणी सच साबित हो और कब हम अपने मित्रों, रिश्तेदारों को एक 'प्लॉजेंट सरप्राइज' (सुखद आश्चर्य ) देकर अपने आप को कृतार्थ करें! तो फिर उस 'नटवरलाल' द्वारा हम सभी को अच्छा सबक सिखाना तो बिलकुल बनता था जी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**कैंसर** एक ऐसी बीमारी है जिसमें शरीर की कुछ कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ती हैं और शरीर के अन्य भागों में फैल जाती हैं। कैंसर मानव शरीर में लगभग कहीं भी शुरू हो सकता है, जो खरबों कोशिकाओं से बना होता है। आमतौर पर, मानव कोशिकाएं बढ़ती हैं और गुणा करती हैं ( कोशिका विभाजन नामक प्रक्रिया के माध्यम से) ताकि शरीर को जरूरत पड़ने पर नई कोशिकाएं बन सकें। जब कोशिकाएं बूढ़ी हो जाती हैं या क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, तो वे मर जाती हैं और नई कोशिकाएं उनकी जगह ले लेती हैं। कभी-कभी यह व्यवस्थित प्रक्रिया टूट जाती है, और असामान्य या क्षतिग्रस्त कोशिकाएं तब बढ़ती और बढ़ती हैं जब उन्हें नहीं होना चाहिए। ये कोशिकाएँ ट्यूमर बना सकती हैं, जो ऊतक की गांठें होती हैं। **राकेश, कांगड़ा**

# प्राकृतिक खेती ही है सबसे उत्तम विकल्प

कृषि का पर्यावरण के साथ सदियों से गहरा नाता रहा है। खासकर भारत जैसे कृषि प्रधान देश में अनुकूल आबोहवा और पारिस्थितिकी ने इस क्षेत्र को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। कृषि क्षेत्र न केवल देश की रीढ़ है बल्कि 70 प्रतिशत आबादी को रोजगार भी उपलब्ध करवाता है। यही नहीं देश की अर्थव्यवस्था में इसका योगदान 17 प्रतिशत से ऊपर है। मगर पिछले कुछ दशकों से मौसम में आ रहे बदलाव कृषि पर प्रभाव डाल रहे हैं। फसल बुआई के बाद लंबा होता सूखे का दौर, बढ़ती गर्मी से नमी में कमी और सिंचाई के साधनों का सिकुड़ना तथा फसल कटाई से पहले बारिश खेती की मुश्किलों को बढ़ा रहा है। साथ ही बेहतर उत्पादन और फसलों सुरक्षा हेतु रसायनों का बढ़ता प्रयोग भी स्थिति को बदतर बना रहा है। अंतत: अस्थिर उत्पादन और बढ़ती लागत से तंग आकर धीरे-धीरे किसान खेती छोड़ रोजगार के लिए शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं।

इन सब चुनौतियों को देखते हुए ऐसी खेती पद्धतियों की जरूरत है विपरीत मौसमी परिस्थितियों में भी अच्छा उत्पादन दे सकें। स्थानीय पारिस्थितिकी और भौगोलिकता के अनुरूप यह विधियां पर्यावरण हितैषी हों, ताकि जलवायु परिवर्तन के खतरों को कम किया जा सके। प्राकृतिक खेती कृषि की ऐसी ही विधा है जो पर्यावरण के साथ सामंजस्य बनाते हुए कम लागत में खेती करने में सहायक है। यह तकनीक रसायनों को हतोत्साहित कर देसी गाय के गोबर-मूत्र और स्थानीय वनस्पतियों पर आधारित आदानों के प्रयोग का अनुमोदन करती है। इस खेती में देसी केंचुओं की गतिविधियों को तीव्र कर उर्वरा शक्ति को बढ़ाया जाता है। साथ ही भूमि के जैविक कार्बन को बांधकर रखा जाता है ताकि वह मुक्त होकर वातावरण को गर्म न कर पाए। इस विधि को अपनाने से किसान की बाजार पर निर्भरता कम होती है और साथ ही पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। ग्लोबल क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स 2021 के अनुसार, भारत जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित दस शीर्ष देशों में शामिल है।

जलवायु की बदलती परिस्थिति कृषि को सबसे अधिक प्रभावित कर रहीं हैं। वैश्विक स्तर पर हो रहे अनुसंधान साफ करते हैं कि जलवायु परिवर्तन और कहर बरपाएगा जिसका सबसे ज्यादा असर विकासशील देशों के कृषि क्षेत्र पर होगा। जानकार कहते हैं कि भारत में 2010-2039 के बीच जलवायु परिवर्तन के कारण लगभग 4.5 प्रतिशत से 9 प्रतिशत के बीच उत्पादन के गिरने की संभावना है। हिमाचल के परिपेक्ष्य में देखें, तो यहां बागवानी का भी बोलबाला है। प्रदेश को फ्रूट बाउल ऑफ इंडिया की संज्ञा भी दी गई है। बागवानी से जहां प्रदेश को 5 हजार करोड़ से अधिक की आय मिलती है वहीं 7 लाख लोगों को रोजगार मिलता है। जलवायु परिवर्तन का इस क्षेत्र पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। पिछले सीजन की बात करें, तो मौसम में आए अचानक बदलाव के चलते सेब का उत्पादन लगभग आधा रह गया। जहां 2022 में 4 करोड़ सेब की पेटियों का उत्पादन हुआ था। वहीं 2023 में यह सिमटकर लगभग 2 हजार पेटी रह गया। इससे प्रदेश के बागवानी क्षेत्र को लगभग 2 हजार करोड़ का नुकसान हुआ है। जलवायु परिवर्तन के चलते सेब की कई वैरायटी अब आशातीत उत्पादन नहीं दे पा रही, जिससे बागवान समुदाय चिंता में है। इसके अलावा सेब बागवानी अब ऊंचे क्षेत्रों की ओर खिसकती जा रही है। निचले क्षेत्रों में जरूरी चिलिंग ऑवर पूरे न होना, कीटों और रोगों का बढ़ता प्रकोप आदि कारकों से बागवानी प्रभावित हो रही है। कीटों से फसल सुरक्षा के लिए महंगी दवाइयों का छिड़काव बागवानी की लागत को भी बढ़ा रहा है।



लेखक : लोकेश भनोट
कृषि विश्लेषक

ऐसी स्थितियों में बाजार में सही दाम न मिले, तो बागवानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। मगर प्रदेश के बागवानी क्षेत्र के लिए भी प्राकृतिक खेती एक आशा की किरण बनी है। इस विधि से प्रदेश के हजारों बागवानों ने कम लागत में सफलतापूर्वक उच्च गुणवत्ता युक्त उत्पादन लिया है। कीट सुरक्षा हेतु महंगे आदानों को छोड़ बागवान प्राकृतिक खेती से ही इनका सफल प्रबंधन कर रहे हैं। इससे बाकियों के मुकाबले जहां उनकी लागत कम हो रही है वहीं शुद्ध मुनाफा भी बढ़ रहा है। हाल ही में प्राकृतिक खेती पर हुए शोध दर्शाते हैं कि इस विधि से विपरीत परिस्थितियों में भी बेहतर उत्पादन लिया जा सकता है। इस विधि से उगाई फसलें सूखे, अतिवर्षा में भी खड़ी रहती हैं। मिश्रित खेती अपनाने से एक ही खेत में कई फसलें ली जा सकती हैं जिससे किसान को नियमित आय सुनिश्चित होती है। इस खेती में पानी की खपत बाकी विधियों के मुकाबले 40 प्रतिशत तक कम है और फसल सुरक्षा के लिए भी स्थानीय वनस्पतियों को ही प्रयोग किया जाता है। जलवायु परिवर्तन आम जनमानस के जीवन को भी प्रभावित कर रहा है। बढ़ती बीमारियां, कम होती रोग प्रतिरोधक शक्ति और पोषण जरूरतें पूरी न होने से बढ़ रही अल्परक्तता अक्सर देखने को मिल रही है। नेशनल फैमिली हैल्थ सर्वे-5 (2019-21) के आंकड़ों पर ध्यान दें तो यह सामने आता है कि प्रदेश में माताओं-बहनों और बच्चों को सही पोषण नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश के 10 जिलों में कुपोषण की दर बढ़ रही है। इसका बड़ा कारण है सही और पोषण युक्त फल-सब्जी की उपलब्धता न होना। प्राकृतिक खेती पोषणयुक्त खाद्यान्न की मांग को पूरा करने में अहम साबित हो सकती है। बिना रासायनों के तैयार की जाने वाली फल-सब्जी अगर उपभोक्ताओं तक पहुंचती है तो इस स्थिति को निश्चित तौर पर सुधारा जा सकता है। प्रदेश में प्राकृतिक खेती के पोषणयुक्त उत्पादों को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए हिमाचल सरकार ने प्रयासों में तेजी लाई है। प्राकृतिक खेती के अच्छे परिणामों को देखते हुए गुजरात, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित देश के एक दर्जन के करीब राज्य इसे अपना रहे हैं। केंद्र सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने भी प्राकृतिक खेती को सतत् खेती गतिविधियों में सम्मिलित करते हुए इस पर एक राष्ट्रीय कार्यक्रम 'नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग' की शुरुआत की है। जलवायु परिवर्तन पर कृषि वैज्ञानिकों ने चेताया है कि अगर हम इसी तरह से खेती-बाड़ी करते रहें, तो दुनिया में केवल 60 वर्षों तक ही खेती की जा सकती है। ऐसी स्थिति में कृषि को भविष्य के लिए संजोए रखने हेतु प्राकृतिक खेती ही सबसे उत्तम विकल्प है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# फोर्टिफाइड चावल से नियंत्रित की जाएगी कुपोषण जैसी समस्या

भारत की तेजी से बढ़ती आबादी के कारण उत्पाद के क्षेत्र में गुणवत्ता कायम रखना एक चुनौतीपूर्ण विषय बनकर उभरने लगा है। नतीजतन पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण स्रोतों की कमी सामने आने लगी है। बेशक विश्व की सर्वाधिक आबादी वाला देश होने के कारण यहां वस्तुओं का उत्पादन भी बड़े स्तर पर किया जाने लगा है, किंतु आवश्यक पदार्थों के अभाव के कारण उत्पादन में कहीं न कहीं गुणवत्ता का भरोसा कम होता जा रहा है। इसका एक उदारहण भारत में पनप रही एनीमिया और कुपोषण जैसी गंभीर बीमारियों के बढ़ने से है। एक तरफ जहां भारत चावल उत्पादन के लिए विश्व भर में दूसरे स्थान पर आता है वहीं दूसरी ओर इसकी गुणवत्ता में सुधार लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2023-24 में भारत ने लगभग 138 मिलियन मीट्रिक टन के हिसाब से चावल का बड़े स्तर पर उत्पादन किया है।

चावल में पोटाशियम, मैग्नीशियम, कार्बोहायड्रेट जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। चूंकि इनका वृहत उत्पादन के साथ-साथ, जलवायु परिवर्तन आदि कई ऐसे मुख्य कारण हैं जिस वजह से चावल में पोषण तत्वों की कमी पाई जाने लगी है। नतीजतन विभिन्न रोगों में वृद्धि। इसी क्रम में भारत की केंद्र सरकार द्वारा सर्वप्रथम 2018 में पायलट प्रोजेक्ट के तहत आम लोगों तक फोर्टिफाइड राइस अथवा पोषणयुक्त चावल उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया गया था। 2022 में आईसीडीएस व पीएम पोषण कार्यक्रम के तहत इसके विस्तार को बढ़ाया गया, जबकि 2023 में 112 आकांक्षी जिलों को इस कार्यक्रम के तहत जोड़ा गया था। इसके अलावा 250 ऐसे जिले जहां बच्चों में स्टंटिंग की समस्या सामने आई थी, इस योजना के तहत लाभ पहुंचाने का एक सफल प्रयास किया गया था। बात 2024 की करें, तो उपर्युक्त सभी क्षेत्रों के साथ-साथ अन्य सभी जिलों को इस बार केंद्रित किया गया है।



लेखक : शिवालिक अवस्थी
शीला चौक, धर्मशाला

इसके संदर्भित अभी हाल ही में भारत सरकार की कैबिनेट बैठक द्वारा फोर्टिफाइड चावल की व्यापक आपूर्ति का निर्णय लिया गया, जिसमें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अथवा अन्य अभी खाद्य आपूर्ति संबंधित योजनाओं को इसमें शामिल किया गया है।

2024 से 2028 तक चलने वाले इस कार्यक्रम को केंद्रीय कैबिनेट द्वारा हरी झंडी दी जा चुकी है। इसके संचालन में कुल खर्चा 17,082 करोड़ रुपए का रखा गया है जो 100 प्रतिशत केंद्र द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा। इस योजना के तहत देश के लगभग 80 करोड़ से ज्यादा नागरिक लाभान्वित हो सकेंगे।इसका मूल उद्देश्य एनीमिया की बढ़ती दर में कमी लाना व इसके साथ-साथ सूक्ष्मपोषक तत्वों की कमी को दूर करना है।

ज्यादातर महिलाओं और आर्थिक कमी से जूझ रही एक बड़ी संख्या को इसके द्वारा सीधा लाभ पहुंचाने की पहल की गई है। फोर्टिफाइड चावल वह चावल होता है जिसमें जरूरी पोषण तत्वों को मिलाया जाता है। यह आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी 1, बी 12 जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों को शामिल करके कृत्रिम रूप से तैयार किए जाते हैं। पोषक तत्वों के शामिल होने से इनकी गुणवत्ता और अधिक बढ़ जाती है।

इसी प्रक्रिया को फोर्टिफिकेशन कहा जाता है। चूंकि फोर्टिफाइड चावल सामान्य चावल से थोड़े भिन्न दिखते हैं, इसलिए कई बार फोर्टिफाइड चावल के प्रति तरह-तरह की भ्रांतियां भी सामने आने लगती हैं। जानकारी अनुसार फोर्टिफाइड चावल और सामान्य चावल का अनुपात 1:100 तक होता है। जिस कारण चावल के दानों में हल्की भिन्नता पाई जाती है। खैर, अब फोर्टिफिकेशन के जरिए कैसे एनीमिया जैसी बीमारियों पर काबू पाया जा सकता है, आइए इस पर प्रकाश डालने का प्रयास करते हैं। यह तो आप सभी को मालूम ही होगा कि शरीर में खून की कमी होने से एनीमिया का खतरा बढ़ जाता है। जिससे इंसान को थकान, कमजोरी, सांस फूलना जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अन्य संक्रमित बीमारियों के संपर्क में आने से भी एनीमिया होने का खतरा बना रहता है। महिलाओं में एनीमिया की समस्या सर्वाधिक देखी गई है, जिसमें गर्भावस्था, माहवारी के दौरान अधिक रक्तस्राव व अन्य संक्रमित बीमारियों के संपर्क को मुख्य कारण माना गया है। यदि गर्भवती मां के शरीर में खून की अत्यधिक कमी होगी तो उसका होने वाला शिशु स्वस्थ होगा, यह कैसे कहा जा सकता है? नतीजतन बच्चे भी एनीमिया की चपेट से अछूते नहीं हैं। इसके अलावा सूक्ष्म पोषक तत्वों का अभाव, बार-बार होने वाला संक्रमण आदि पहलू बच्चों में स्टंटिंग के आंकड़ों में भी बढ़ोतरी करते नजर आ रहे हैं। जानकारी हेतु स्टंटिंग को समझना जरूरी है। हालांकि मात्र फोर्टिफाइड चावल का सेवन एनीमिया और स्टंटिंग जैसी अवस्थाओं की रोकथाम हेतु पर्याप्त नहीं है। इसके लिए हर वो आहार जिसके द्वारा पोषक तत्वों का भरपूर लाभ मिल सके, स्वच्छ वातावरण, नियमित व्यायाम जैसे अन्य कई महत्वपूर्ण कदम हैं जिन्हें देश के सभी नागरिकों को मिलकर उठाने की जरूरत है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बंगाणा में लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा बंगाणा ने वितीय साक्षरता शिविर लगाया। बैंक की ओर से शाखा प्रबंधक विनोद पाल सिंह ने बैंक की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने घर-द्वार किसान क्रेडिट कार्ड, महिला समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना व डिजिटल बैंकिंग के बारे में समझाया। विनोद पाल सिंह ने ऑनलाइन किए जा रहे फ्रॉड की जानकारी साझा की और समझाया कि किसी भी तरह का ओटीपी किसी के साथ भी साझा न करें क्योंकि कोई भी बैंक अथवा अधिकारी आपसे ओटीपी की जानकारी नहीं मांगता है क्योंकि यह सिर्फ आपकी गोपनीयता रखने के लिए आपको भेजा जाता है। किसी भी तरह अंजान कॉल से सावधान रहे और सतर्क रहें क्योंकि साइबर क्राइम करने वाले आपकी जानकारी रखते हैं और मौका लगने पर फ्रॉड कर देते हैं जिससे आपको अपनी मेहनत की कमाई गंवानी पडती है। इस शिविर में बैंक की ओर से सुनील कुमार, मुकेश कुमार सहित गांववासी भी मौजूद रहे।

### टाहलीवाल में भगवान शिव की महिमा का गुणगान



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान एवं समूह टाहलीवाल निवासियों द्वारा स्थानीय आश्रम टाहलीवाल में भव्य स्तर पर भगवान शिव कथा के प्रथम दिवस में संस्थान के संचालक एवं संस्थापक गुरुदेव आशुतोष महाराज जी की परम शिष्या साध्वी गरिमा भारती जी ने कथा का वाचन करते हुए भगवान शिव की महिमा को भक्तों के समक्ष रखा। कथा का शुभारंभ शिव स्तुति से करते हुए बताया की शिव समस्त प्राणियों का विश्राम स्थान है। अनंत तापी पार्यो से उद्विग्न होकर विश्राम के लिए प्राणी जहां शयन करे, बस उसी सर्वाशय ब्रह्मसत्ता को शिव कहा जाता है। शिव कथा की रसधारा में डुबकी लगाकर मन शीतल आनंद की अनुभूति करता है। मन से विकारों की मालीनता मिटती है। उन्होंने बताया कि आज अज्ञान अंधकार में भटक रहे मानव समाज को आध्यात्मिक ज्ञान की परम आवश्यकता है। कथा में टाहलीवाल व साथ के गांवों के धार्मिक और सामाजिक संस्थानों के प्रतिनिधि पहुंचे और ज्योति प्रज्वलित की, जिसमें विशेष राजेश कुमार कौशल चेयरमैन इंडस्ट्री एरिया, सतपाल शर्मा, साध्वी उत्तमा भारती, उपमा भारती, बलजीत भारती, रजनी भारती उपस्थित रहे। इस दौरान सभी प्रभु भक्तों के लिए लंगर की भी व्यवस्था भी की गई।

### स्कूल पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत



**संजीव पुरी, ऊना।** जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसाल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता विशाल वशिष्ठ ने बताया वंशिका ने 3000 मीटर में गोल्ड मेडल जीता, अंजलि ने 400 मीटर में सिल्वर मेडल जीता, सिमरन सैनी ने 800 मीटर में सिल्वर मेडल जीता, वैशाली ने 100 मीटर रेस में सिल्वर मेडल जीता। विशाल वशिष्ठ ने बताया इन खिलाड़ियों की सिलेक्शन राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के लिए हुआ है। इन खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर विशाल वशिष्ठ प्रवक्ता फिजिकल एजुकेशन, सारिका नंदा, कार्यवाहक प्रिंसिपल, सुषमा प्रवक्ता हिंदी मनिंद्र सिंह, मीनाक्षी लेक्चर गणित, सतिंदर कौर प्रवक्ता हिस्ट्री, मंजू राणा प्रवक्ता इंग्लिश, सतीश प्रवक्ता इकोनॉमिक्स, कल्पना सैनी प्रवक्ता केमिस्ट्री, विजय पुरी और अन्य स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे। सारिका नंदा प्रिंसिपल और शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता विशाल वशिष्ठ और स्टाफ के अन्य सदस्यों ने खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय टीम में चयन के लिए बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

### सलोई स्कूल में एनएसएस शिविर का आगाज



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलोई में सात दिवसीय एनएसएस आवासीय शिविर का शुभारंभ बुधवार को हुआ। एनएसएस प्रभारी सुनील शर्मा एवं रीना रानी ने बताया कि शिविर में 25 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में एसएमसी प्रधान मुश्ताक मोहम्मद ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को समझाते हुए स्वयंसेवियों को निरंतर सेवा करते रहने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य कमल देव शर्मा ने स्वयंसेवियों को सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने जन्म दिवस पर पौधा लगाने की अपील की। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर की सफाई की। इस दौरान एसएमसी सदस्य, परविंद्र वर्मा, वीरेंद्र, बबली शर्मा, बिंता देवी, अनुराधा, बबिता, सुमिता देवी तथा स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

# कुटलैहड़ को शिक्षा का मॉडल बनाकर प्रदेश में प्रथम लाना मुख्य उद्देश्य : विवेक

## रायपुर स्कूल में रही सालाना समारोह की धूम, छात्रों पर बरसे इनाम

**विनोद शर्मा, लठियानी**

राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में कुछ नया करने के प्रयास से बीते पौने दो वर्षों से प्रयासरत है और अब उनके परिणाम भी मिलने लगे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भारत देश में हिमाचल मॉडल का रूप लेकर उभर रहा है। वह दिन दूर नहीं, जब पूरे भारत वर्ष में हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर होगा। यह शब्द कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के बाद संबोधन में कहे।



रायपुर स्कूल के वार्षिक समारोह में छात्राएं।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से कुछ अलग ओर कुटलैहड़ विस क्षेत्र को शिक्षा का मॉडल बनाने के लिए हाल ही में कुटलैहड़ विस क्षेत्र के कुछ सरकारी स्कूलों के नवनिर्माण खेल मैदान एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए 50 लाख की धनराशि स्वीकृत हुई है। इसमें कुटलैहड़ के पांच सरकारी स्कूलों के लिए 70 लाख अलग खेल मैदानों के लिए मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से स्वीकृत हुए हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए हम हर समय प्रयासरत हैं। कुटलैहड़ के सभी सरकारी स्कूलों के स्टाफ को केवल पढ़ाई पर ध्यान देना होगा, ताकि जब वार्षिक बोर्ड का परिणाम आए तो कुटलैहड़ विस क्षेत्र का मान सम्मान बढ़े। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लिए गए कड़े फैसले अब सार्थक परिणाम दे रहे हैं। सुख आश्रय योजना अब उन बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो अनाथ या अपंग है या फिर जिन बच्चों की पढ़ाई का खर्च परिवार नहीं कर सकता है।

जो परिवार गरीबी रेखा से नीचे हैं और जो बच्चों की पढ़ाई का खर्च नहीं दे सकते हैं, राज्य सरकार की तरफ से अब उन परिवारों को एक हजार रुपए प्रति माह मिलना शुरू जाएगा। विधायक ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में हमने अपने पांच माह के विधायक कार्यकाल में किसी शिक्षक का कोई तबादला नहीं किया है।।

यह सब आप सभी के सहयोग से संभव होगा। स्कूल पहुंचने पर मुख्यातिथि विधायक विवेक शर्मा का स्कूल के प्रधानाचार्य नरदेव राणा, स्कूल के शिक्षकों, अभिभावकों ने स्वागत किया और सम्मानित किया।

स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम , भांगड़ा और पहाड़ी गीतों से लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। स्कूल के प्रिंसिपल नरदेव राणा द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम के अपनी तरफ से 5100 रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, पूर्व बीडीसी अध्यक्षा मीना चौधरी के अलावा स्कूल स्टाफ अभिभावक ओर पंचायतीराज और प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# होशियारपुर शहर से फिर जुड़े चिट्टा तस्करी केस के तार

**सन्नी पुरी, गगरेट**

**पुलिस मामले की गहनता से कर रही जांच : एएसपी**

हिमाचल प्रदेश को हेरोइन तस्करी के लिए प्रमुख सप्लायर बने पंजाब के होशियारपुर शहर से फिर से चिट्टा तस्करी के तार जुड़े हैं। चिट्टे की मंडी के रूप में कुख्यात हो रहे होशियारपुर शहर में बैठे प्रमुख ड्रग सप्लायर ही हिमाचल प्रदेश में मौत का सामान भेज रहे हैं। एसआईयू द्वारा मंगलवार को गगरेट में हेरोइन (चिट्टा) की खेप के साथ पकड़े गए मंडी के दो युवकों ने कबूल किया है कि वे करीब तीस ग्राम चिट्टे की खेप लेकर होशियारपुर से ही आ रहे थे।

बुधवार को गगरेट पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर उनका तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल कर लिया है। पुलिस आरोपियों की निशानदेही पर होशियारपुर में भी दबिश दे सकती है तो इस मामले में पुलिस आरोपियों के बैंक खातों के साथ-साथ उनकी संपत्ति की जांच भी करेगी। पुलिस को शक है कि पकड़े गए आरोपी पेसेवर तस्कर हो सकते हैं। इससे पहले भी इन आरोपियों को चिट्टा तस्करी का मामला दर्ज है और अब जिस प्रकार दूसरी बार ये पुलिस के हत्थे चढ़े हैं, उससे यह बात तस्दीक हो रही है कि आरोपी ड्रग तस्करी के आदी हैं। गगरेट पुलिस ने दोनों आरोपियों का तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल कर तफ्तीश को और गति दे दी है।

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया है कि चिट्टे की खेप उन्होंने होशियारपुर से हासिल की थी। इसके चलते आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस होशियारपुर में ड्रग माफिया के अड्डे पर भी दबिश दे सकती है। पुलिस हेरोइन तस्करी के आरोप में पकड़े गए आरोपियों का वित्तीय अन्वेषण भी करेगी। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नशा तस्करी के माध्यम से आरोपियों ने कितनी संपत्ति अर्जित की है।

एएसपी संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर उनका तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल कर लिया है। पुलिस इस मामले में गहनता से जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

## मरवाड़ी में वार्षिक समारोह 12 को, विधायक कालिया को दिया निमंत्रण



**अनंत ज्ञान दौलतपुर चौक।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मरवाड़ी में 12 नवंबर को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया जा रहा है। स्कूल के प्रधानाचार्य निशा संदल ने जानकारी देते हुए बताया है कि इस समारोह में गगरेट के विधायक राकेश कालिया मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर शिक्षा, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे बच्चों को अपना आशीर्वाद देकर सम्मानित करेंगे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत बुधवार को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमांदरी में रिसोर्स पर्सन के तौर पर पूर्व प्रवक्ता सतीश शर्मा ने शिरकत की। कैंप के दूसरे सेशन में उन्होंने बच्चों को पहले राष्ट्रीय सेवा योजना क्या है तथा इसके इतिहास के बारे में बताया। इसके उपरांत इसके उद्देश्य और विद्यार्थियों को भविष्य में इससे क्या लाभ मिल सकता है, इस संबंध में पूरी जानकारी दी गई।

इसके उपरांत उन्होंने बच्चों को जीवन में सफलता हासिल करने के लिए इस आयु वर्ग में क्या करना चाहिए, बताया। कक्षा में शिक्षा ग्रहण करते समय एकाग्रता बहुत जरूरी है। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लिया जाना चाहिए। नकारात्मक विचार व्यक्ति को बर्बादी के रास्ते पर ले जाते हैं। अच्छे लोगों की संगत होनी चाहिए, फिर भी नकारात्मकता से छुटकारा ना मिले तो डॉक्टर से चेकअप करवाना चाहिए। दवाई से यह बीमारी ठीक हो जाती है नहीं तो डिप्रेशन का रूप लेकर कई बार बच्चे आत्महत्या करने पर भी मजबूर हो जाते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के पारिवारिक पन्नालाल धीमान तथा कांता शर्मा भी उपस्थित रही।

## हटली पंचायत के हर गांव में आयुष विभाग के सौजन्य से हर दिन लग रहे योग शिविर



**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के ग्राम पंचायत हटली में आयुष विभाग के सौजन्य से हर गांव में हर दिन योग के माध्यम से जनता को जागरूक किया जा रहा है। ग्राम पंचायत हटली के उपप्रधान एवं युवा प्रभारी सुरेंद्र हटली ने बताया कि आयुष विभाग के सौजन्य से हटली पंचायत में योगा इंस्पेक्टर शोभा देवी द्वारा हर गांव में महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों को योग करवाकर उन्हें योग के साथ दिनचर्या बनाने की सलाह दी जा रही है। सुरेंद्र हटली ने बताया कि उपमंडल बंगाणा में जहां भी आयुर्वेदिक विभाग का स्वास्थ्य केंद्र है और जिस केंद्र में स्वास्थ्य विभाग ने योगा प्रशिक्षक रखे हैं, उस पंचायत में हर गांव में योग शिविर लगाने की आयुष विभाग ने आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि योग करना हर व्यक्ति के लिए जरूरी है क्योंकि सुबह उठकर हम अगर आधा घंटा योग करेंगे, तो हमारा शरीर चुस्त और दुरुस्त रहेगा और शरीर की सारी बीमारियां भाग जाएंगी।

## रपोह मिसरां में वार्षिक समारोह आठ को

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रपोह मिसरां में आठ नवंबर को वार्षिक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें चिंतपूर्णी विस क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी स्कूल के प्रधानाचार्य तरसेम लाल धीमान ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह में विधार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगे। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

## हरोली में दिव्यांगता मूल्यांकन शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमंडल हरोली के दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांगता मूल्यांकन शिविर जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना और भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) चंडीगढ़ के साथ मिलकर हरोली नागरिक अस्पताल में लगाया गया। शिविर की अध्यक्षता हरोली एसडीएम विशाल शर्मा ने की। इस दौरान एसडीएम ने बताया कि दिव्यांगता मूल्यांकन शिविर में 20 दिव्यांगजनों ने पंजीकरण करवाया, जिसमें से 11 पात्र दिव्यांग व्यक्तियों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मूल्यांकन करके उन्हें कृत्रिम अंग लगाने के लिए चयनित किया गया है। इन सहायक उपकरणों और कृत्रिम अंगों की सहायता से दिव्यांगजन एक बार फिर समाज में आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ जीवन जी सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभागों के माध्यम से भी दिव्यांगजनों के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पात्र दिव्यांगजन इन योजनाओं का लाभ लेकर अपना सम्मानजनक जीवन यापन कर सकते हैं। इसी कड़ी में 7 नवंबर को अंब उपमंडल के तहत पंचायत समिति हॉल अंब और 8 नवंबर को गगरेट के तहत उपमंडल कार्यालय गगरेट में दिव्यांगता मूल्यांकन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर तहसील कल्याण अधिकारी जतिंद्र कुमार सहित एलिम्को के विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## इवान सिक्योरिटी फंक्शन में भरे जाएंगे 100 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज इवान सिक्योरिटी फंक्शन प्राइवेट लिमिटेड शिमला द्वारा 100 पद अधिसूचित किए गए हैं। इनमें सुरक्षा गार्ड के 80 पद और सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 20 पद शामिल हैं। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार 11 नवंबर को प्रात: 10.30 उप रोजगार कार्यालय बंगाणा, 12 नवंबर को उपरोजगार कार्यालय अंब, 13 नवंबर को उपरोजगार कार्यालय हरोली और 14 नवंबर को जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित किए जाएंगे।

अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन और एमबीए निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी की आयु सीमा 20 से 36 वर्ष तक होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त चयनित अभ्यर्थी को 12 से 25 हजार प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड नंबर, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ व मूल प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 94182-17918, 82218-62918 पर संपर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवाने के लिए विशेष अभियान 9 और 10 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**जिले के सभी मतदान केंद्रों पर संचालित होगा विशेष अभियान**

मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम के तहत जिला के छूटे हुए मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में दर्ज करवाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के समस्त मतदान केंद्रों पर 9 और 10 नवंबर को प्रात: 10 से सायं 5 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि अभियान के दौरान जो पात्र नागरिक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं या आगामी एक जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने जा रहे हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के लिए संबंधित मतदान केंद्र पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अभियान में कोई भी मतदाता अपने मतदान केंद्र पर जाकर फोटोयुक्त मतदाता सूची में अपने नाम की पुष्टि करने के साथ मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि की शुद्धि करवाने, मतदाता सूची से अपात्र/मृत व्यक्तियों के नाम हटाने या निर्वाचन क्षेत्र के एक मतदान केंद्र से दूसरे मतदान केंद्र पर नाम स्थानांतरित करवाने के लिए समुचित प्ररूप फार्म 6, 6क 7 और 8 भरकर दावे/आक्षेप संबंधित अभिहित अधिकारियों/बूथ लेवल अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में पढ़ पाने में असमर्थ हैं, उनके नाम संबंधित बूथ लेवल अधिकारी द्वारा सबके समक्ष पढ़कर सुनाए जाएंगे।

उपायुक्त ने कहा कि अभियान के दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा मतदान केंद्र बार नियुक्त बूथ लेवल एजेंट संबंधित बूथ लेवल अधिकारी के पास बैठक करके छूटे हुए नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करवाने व अपात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से हटाने संबंधी सुझाव व आवेदन निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत दे सकते हैं ताकि मतदाता सूची को त्रुटि रहित व अद्यतन बनाया जा सके। जतिन लाल ने कहा कि केवल मतदाता फोटोयुक्त पहचान पत्र होना ही किसी व्यक्ति को मताधिकार की गारंटी नहीं देता बल्कि नागरिक का नाम संबंधित मतदान केंद्र की मतदाता सूची में दर्ज होना भी अनिवार्य है।

## आयोजन

### सहकारी सभा दुलैहड़ में जागरूकता शिविर आयोजित

# विभिन्न योजनाओं के रखे प्रस्ताव



सहकारी सभा दुलैहड़ में उपस्थित गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

दुलैहड़ सहकारी कृषि सेवा सभा में शिक्षण कार्यक्रम सभा के प्रांगण में आयोजित किया गया। इसमें लगभग भारी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस दौरान क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान चंडीगढ़ से आए हुए अतिथि वक्ता सुनील कुमार द्वारा सदस्यों के उत्तरदायित्व कर्तव्य तथा भागीदारी की डिटेल में जानकारी दी। इसमें चंडीगढ़ आरआईसीएम द्वारा चलाई जा रहे हैं पायलट प्रोजेक्ट के अलावा सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार के पहल के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई तथा सीएससी क्रोमा सेंटर बहुउद्देशीय कार्य पेट्रोल पंप एलपीजी गैस तथा अन्य कार्यों को सहकारी समिति में संचालित करने पर भी मंथन किया गया।

सचिव करण जोशी द्वारा कुछ योजनाओं पर प्रस्ताव रखे गए, ताकि भारत सरकार की इन पहलुओं को सहकारी समिति दुलैहड़ में सुचारु किया जाए तथा लोगों को रोजगार और आर्थिक रूप से मजबूत किया जाए। मेंबर्स इस कार्यक्रमों को ध्यान से सुनने के बाद राय व्यक्त की भविष्य में ऐसे कार्यक्रम और लगाने की अपेक्षा जाहिर की गई। इस दौरान प्रधान करण सिंह उपप्रधान अवतार सिंह व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# क्रिकेट पुरुष चैंपियनशिप के लिए बंगाणा टीम हुई रवाना

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज क्रिकेट पुरुष चैंपियनशिप के लिए कबड्डी टीम को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। इस अवसर पर स्पोर्ट्स विभाग के इंचार्ज प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज क्रिकेट पुरुष चैंपियनशिप के लिए टीम आज राजकीय महाविद्यालय ऊना, जिला ऊना के लिए रवाना हुई।

उन्होंने कहा कि टीम चयन के लिए एक विशेष चयन प्रक्रिया अपनाई गई, जिसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वालों को विशेष अवसर दिया गया है। आपको बता दें कि पिछले हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय वॉलीबाल चैंपियनशिप में महाविद्यालय बंगाणा के वॉलीबाल टीम ने पूरे हिमाचल प्रदेश में प्रथम और बॉक्सिंग पुरुष मे रजत पदक प्राप्त कर महाविद्यालय और इस क्षेत्र का नाम रोशन किया था।

निश्चित तौर पर ये छात्र राजकीय कॉलेज ऊना में होने वाली हिमाचल प्रदेश इंटर कॉलेज क्रिकेट चैंपियनशिप में अपना दबदबा कायम रखेंगे। इस अवसर पर खेल विभाग के कमेटी मेंबर, डॉ. कुलदीप सिंह, टीम मैनेजर और स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रोफेसर सिकंदर नेगी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



महाविद्यालय बंगाणा की क्रिकेट टीम स्टाफ सहित।



# वन स्वीकृति के लंबित विभागीय मामलों को सामंजस्य से निपटाएं

## आनी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर डीसी ने दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, आनी**

विभिन्न विभागों की लंबित योजनाओं/परियोजानाओं के वन स्वीकृति से संबंधित मामलों को आनी उपमंडल के अधिकारी, कर्मचारी आपसी सामंजस्य से निपटाएं।



डीसी तोरुल एस रवीश ने एसडीएम आनी नरेश वर्मा सहित विभिन्न अधिकारियों को इस संबंध में बुधवार को दिशा-निर्देश जारी किए। आनी के एसडीएम कार्यालय में आयोजित वन स्वीकृति के मामलों की समीक्षा बैठक के दौरान डीसी ने इन मामलों में तेजी लाने को कहा। डीसी ने बहुतकनिकि संस्थान दलाश, बस अड्डा आनी और लुहरी, पुलिस चौकी लुहरी, निथ्थर और पुलिस थाना ब्रौ के भवन निर्माण में पेश आ रही अड़चनों पर आवश्यक आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार लोक निर्माण विभाग सहित जल शक्ति विभाग की विभिन्न सड़कों और योजनाओं को पूरा करने के लिए वन स्वीकृति के मामलों पर फीडबैक लिया। इन मामलों पर आगामी कार्रवाई के लिए भी संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने के लिए उचित दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी ने एसडीएम को कुछ मामलों में स्वयं निगरानी करने और इन मामलों को आगामी कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए मामले पर उनको अवगत करवाने के आदेश दिए, जिन मामलों में अनावश्यक देरी हो रही है, उन मामलों की अड़चनों को तुरंत प्रभाव से दूर किया जाए। समीक्षा बैठक में कुल 21 मामलों को पेश किया गया। इसमें मुंडदल से जमलूधार, मुहान से मरेछ, पटारना कैंची से मिश्ता, आनी में फायर पोस्ट सहित अन्य भवनों के निर्माण को लेकर वन स्वीकृति के मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई। डीसी ने सभी 21 मामलों पर गंभीरता पूर्वक आवश्यक आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने बैठक के अंत में डीसी सहित अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों का बैठक में उपस्थित होने पर धन्यवाद किया। इस मौके पर एसडीएम आनी नरेश वर्मा, डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति किशोर कुमार, डीएफओ चमन लाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अवेरी में लगे स्टोन क्रशर का किया निरीक्षण



**आनी।** डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने आनी व निरमंड दौरे के दौरान निरमंड उपमंडल के साथ बायल अवेरी स्थान पर लगे स्टोन क्रशर का स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस बारे में स्थानीय लोगों द्वारा धूल, मिट्टी उड़ने से प्रदूषण संबंधी शिकायत की गई थी। डीसी ने जानकारी दी कि इस संबंध में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान एसडीएम निरमंड, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रामपुर के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## गोसदन कटराईं में गोधन के लिए अतिरिक्त शेड का हो रहा निर्माण : गोविंद सिंह ठाकुर



गोविंद सिंह ठाकुर ने समिति के सदस्यों से मुलाकात कर निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि गो सेवा परम धर्म के सिद्धांत को साकार करते हुए मनाली विधानसभा क्षेत्र की धारशा, सोखनी और सूमली सोसायटी द्वारा गो सदन कटराईं में गोधन के लिए अतिरिक्त शेड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने इसको लेकर समिति के सदस्यों से मुलाकात की और निर्माण कार्य का जायजा लिया।

उन्होंने इस प्रयास को एक महत्वपूर्ण समाजसेवा बताते हुए कहा कि इस तरह की पहल समाज में पशुधन संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाती है। गोविंद ने सोसायटी के सभी सदस्यों को इस परियोजना में उनके योगदान के लिए बधाई दी और कहा कि इस पहल से क्षेत्र में आवारा और बेसहारा पशुओं को सुरक्षित आश्रय मिलेगा, जिससे पशुधन की सुरक्षा और उनके उचित देखभाल का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने इस कार्य को समाज के लिए अनुकरणीय बताया और इसे एक प्रेरणादायक कदम करार दिया, जिससे अन्य संगठनों को भी पशुधन संरक्षण में योगदान के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने जनता से अपील की कि वे भी इस प्रकार के समाजोपयोगी कार्यों में योगदान दें और पशुधन की सेवा और संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। साथ ही, उन्होंने सरकार और प्रशासन से आग्रह किया कि वे गो सदन जैसी संस्थाओं को प्रोत्साहित करें और पशुधन संरक्षण में उनके प्रयासों के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

## अपने करियर के लिए शिक्षा और विज्ञान पर फोकस करना अत्यंत आवश्यक : सुंदर ठाकुर



पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भुट्टी में दो दिवसीय 32वीं जिला स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस के शुभारंभ पर सीपीएस व अन्य गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भुट्टी में दो दिवसीय 32वीं जिला स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस का बुधवार को आगाज हुआ। जिला स्तरीय इस चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर द्वारा बुधवार को किया गया।

कार्यक्रम में प्रतिभागिता कर रहे बाल वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने करियर के लिए शिक्षा और विज्ञान पर फोकस करना अत्यंत आवश्यक है तथा आधुनिक समय में संस्कृति के विकास के साथ तालमेल बनाकर चलना बेहतर समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा अधोसंरचना बहुत बेहतर स्तर की है तथा सरकार का प्रयास सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता तथा शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाना है। बच्चों के मार्गदर्शन के लिए कोचिंग क्लासेज लगाने को प्रोत्साहन किया जा रहा है, ताकि जानकारी के अभाव में बच्चे आगे बढ़ने के अवसर से वंचित न रहे। वे गरीब प्रतिभाशाली बच्चों को निजी तौर पर भी मदद करेंगे। पर्यावरण संरक्षण सतत पर्यटन के लिए भी आवश्यक है तथा हमने ईको टूरिज्म के माध्यम से क्षेत्र के विकास के लिए कई नए द्वार खोलें हैं, काईसधार के लिए ईको ट्रेल की तर्ज पर जल्द ही बागा सराहन में भी गोल्फ कार्ट चलाई जाएंगी। हमारा कुल्लवी पट्टू, टोपी, मफलर विश्व की शान बनी हैं। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई विभिन्न विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का निरीक्षण किया।

## न्यूज ब्रीफ

### 100 प्रशिक्षुओं व एडवांस कैंप में 293 को प्रशिक्षित किया



**मनाली।** भारतीय वायु सेना के तीसरे विशेष बीएमसी (29) का समापन समारोह अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान मनाली में पर्वतारोहण उपकेंद्र जिस्पा की ओर से आयोजित किया गया। इस मौके पर लुदर सैन (एसएम एंड एसआरआई आब्विमास) बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस वर्ष जिस्पा केंद्र ने बैसिक पर्वतारोहण पाठ्यक्रम में 100 प्रशिक्षुओं और एडवांस कैंप में 293 को प्रशिक्षित किया है।

### तंजिन छेपेल प्रधान, तंजिन शकया बनी उपप्रधान

**काजा।** युवक मंडल क्लब क्यामों की नव कार्यकारिणी का गठन बुधवार को हुआ। लाहौल-स्पीति के काजा उपमंडल के अंतर्गत आने वाली लोसर पंचायत के क्यामों गांव के युवक मंडल क्लब ने विशेष बैठक आयोजित की। बैठक में युवक मंडल क्लब क्यामों (किमो) की नव कार्यकारिणी को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई, जिसमें प्रस्ताव पारित कर सर्वसम्मति से तंजिन छेपेल को प्रधान, तंजिन शकया को उपप्रधान, तंजिन वंगझाल रूमबाह को जनरल सेक्रेटरी तथा थुकतन टशी को सह-सचिव तथा तन्जिन लंदन को कोषाध्यक्ष चुना गया।

### मनमोहन शर्मा के निधन पर जताया शोक

**बंजार।** बंजार व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष मनमोहन शर्मा के आकस्मिक निधन होने पर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। बता दें कि मनमोहन शर्मा अपने समय में कांग्रेस पार्टी के कर्मठ नेता रहे हैं और पूर्व में व्यापार मंडल बंजार के अध्यक्ष भी रहे। मनमोहन शर्मा कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे अपने कार्यकाल में उन्होंने व्यापार मंडल के उत्थान के लिए कई कार्य किए थे। मनमोहन शर्मा अपने कार्यकाल में व्यापार मंडल के स्टेट के सदस्य भी रहे हैं और इसी के साथ यह नगर पंचायत बंजार के मनोनीत सदस्य भी रहे हैं। इनके आकस्मिक निधन होने पर पूरे क्षेत्र मे शोक का माहौल बना है। व्यापार मंडल के प्रधान विजय ठाकुर, उपप्रधान प्रकाश वशिष्ठ सहित व्यापार मंडल की टीम, नगर पंचायत अध्यक्ष आशा शर्मा, उपाध्यक्ष प्रकाश वशिष्ठ, ट्रक यूनियन प्रधान अनमोल सांभर, एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मियां, बीसीसी अध्यक्ष तेजा ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष दुष्यंत ठाकुर, बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी सहित क्षेत्र वासियों ने उनके शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में सांत्वना प्रदान की है।

## भूइन ठेला बीट के जंगल में लगी आग पर काबू पाने मौके पर पहुंची दमकल टीम

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

हुरला रेंज की भूइन ठेला बीट के जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए सहायक अरण्यपाल वन मंडल शमशी वंदना स्वयं मौके पर पहुंची।

वहीं, उनके साथ वन विभाग के तमाम स्टाफ ने भी आग पर काबू पाने के लिए पसीना बहाया, लेकिन आग की लपटों को काबू पाना आसान नहीं था। कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने जंगल का बड़ा भाग आग की भेंट चढ़ने से बचाया। इस आगजनी घटना में लाखों की वन संपदा जलकर राख हो गई। वहीं, हजारों की संख्या में जीव जंतु भी आग की भेंट चढ़ गए। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जल शक्ति विभाग की पाइप लाइन को वेल्डिंग से जोड़ते समय आग लगी। इसका सुराग नहीं लग रहा है कि पाइप लाइन को वेल्डिंग से कौन जोड़



रहा था, जिसकी छानबीन में वन विभाग जुटा हुआ है। बता दें इस जंगल में वन विभाग व भुंतर सुधार समिति ने पर्यावरण को बचाने के लिए हजारों पौधे रोपित किए हैं। यहीं नहीं समिति व वन विभाग की ओर से पौधों की देखभाल भी लगातार हो रही थी। फोरलेन से पानी ले जाकर चढ़ाई का रास्ता तय कर पौधों की सिंचाई तक की गई। समिति ने वन विभाग के साथ मिलकर फायर लाइन भी तैयार की, ताकि आग से पौधों को बचाया जा सके, लेकिन उसके बावजूद भी आग से वन संपदा को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा है। भुंतर सुधार समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कहा कि इस एरिया के जंगल हर वर्ष दहकते नजर आते हैं। विभाग को इस मामले के ऊपर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। जंगलों को आग लगाकर समाप्त करना पर्यावरण के लिए बहुत बड़ी क्षति है। आग लगने से वन संपदा के साथ जीव-जंतु भी जलकर राख हो जाते हैं। यही नहीं इस एरिया के जंगल में नए पौधों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं, भूइन ठेला बीट की बीओ अहल्या देवी ने बताया कि जल शक्ति विभाग की पाइप लाइन जोड़ते समय वेल्डिंग की चिंगारी से आग भड़की हे। इस आगजनी मामले में विभाग छानबीन में जुटा है। आरोपी के खिलाफ विभाग सख्त कार्रवाई करेगा।

## उदयपुर से तिंदी के बीच सुहाना होगा सफर

### सुबह नौ से शाम पांच बजे तक बाधित रहेगी आवाजाही, बीच में भेजे जाएंगे वाहन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल घाटी के उदयपुर से तिंदी के बीच सफर जल्द ही सुहाना होगा। बीआरओ ने इस मार्ग को डबल लेन बनाने का अधिकतर कार्य पूरा कर लिया है। कुछ एक नालों में बाढ़ के कारण स्थिति बेहतर नहीं है, लेकिन अन्य जगह हालात बेहतर हो गए हैं।

बीआरओ ने उदयपुर से तिंदी तक टारिंग का कार्य शुरू कर दिया है। बीआरओ 94 आरसीसी ने लोगों से सहयोग करने का आग्रह किया है। सुबह नौ से शाम पांच बजे तक आवाजाही बाधित रहेगी। हालांकि बीच-बीच में आवाजाही होती रहेगी, लेकिन टारिंग का कार्य पूरा होने तक आवाजाही सामान्य रूप से नहीं हो पाएगी। बीआरओ ने तांदी संसारी मार्ग के अधिकयर



लाहौल घाटी के उदयपुर से तिंदी के बीच सड़क पर टारिंग का कार्य शुरू।

भाग को डबल लेन बना दिया है। शेष रहे भाग पर भी सड़क को दो तरफा बनाया जा रहा है। बीआरओ ने तांदी संसारी मार्ग को गुलाबगढ़ होते हुए श्रीनगर तक तैयार कर लिया है। आने वाले दिनों में यह मार्ग पर्यटकों की पहली पसंद बनेगा। बीआरओ कमांडर कर्नल गौरव ने बताया कि उदयपुर से तिंदी तक टारिंग का कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने काम पूरा होने तक लोगों से सहयोग का आग्रह किया है।

## संगठन पर्व कार्यशाला आठ को केलांग में

**मनाली।** लाहौल-स्पीति में भाजपा को मजबूत करने के लिए संगठन ने कमर कस ली है। इसी के चलते संगठन पर्व कार्यशाला आठ नवंबर को केलांग में आयोजित की जाएगी। नाचन के विधायक विनोद इस कार्यशाला की अध्यक्षता करेंगे। जिले में आयोजित होने वाली बैठकों को लेकर मनाली आईबेक्स होटल में बैठक की गई। भाजपा के प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक रवि ठाकुर इस बैठक में विशेष तौर पर मौजूद रहे। कांग्रेस विधायक रवि ठाकुर के भाजपा में चले जाने से भाजपा के अधिक कार्यकर्ता पूर्व मंत्री आजाद प्रत्याशी डॉ. रामलाल के साथ चले गए। इस कारण भाजपा का संगठन कमजोर हो गया, लेकिन अब भाजपा नए सिरे से संगठन की मजबूती में जुट गई है। रवि ने कहा कि आठ को संगठन पर्व कार्यशाला की बैठक केलंग मे नए सर्किट हाऊस मे आयोजित होने जा रही है।

## शैंशर स्कूल में क्लस्टर स्तर का बाल मेला आयोजित

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

**अनंत ज्ञान, सैंज**

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शैंशर जिला कुल्लू में क्लस्टर स्तर का बाल मेला आयोजित किया गया। इस बाल मेले में गाड़ापारली पंचायत के प्रधान जमुना देवी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

विद्यालय कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुभाष भारद्वाज ने इस बाल मेले की जानकारी देते हुए बताया कि इस मेले में शैंशर कलस्टर के 9 प्राथमिक पाठशाला, एक माध्यमिक पाठशाला और एक उच्च और एक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की स्टूडेंट्स ने प्रतिभागी के रूप में इस बाल मेले में भाग लिया। यह बाल मेला क्लास्टर स्तर पर तीन कैटेगरी में आयोजित किया गया, जिसमें प्रथम श्रेणी में कक्षा पहली से तीसरी। द्वितीय



शैंशर स्कूल में कलस्टर स्तर के बाल मेले में स्टूडेंट्स व अन्य।

श्रेणी में कक्षा चौथी से पांचवी और तृतीय श्रेणी में कक्षा छठी से आठवीं तक के विभिन्न प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस बाल मेले में विभिन्न गतिविधियां जैसे प्रश्नोत्तरी, पेंटिंग, एकल गीत, समूह गीत व खेल से संबंधित प्रतिस्पर्धाएं हुई। साथ में इस बाल मेले का मुख्य आकर्षण विज्ञान प्रदर्शनी रही, जिसमें सभी पाठशाला एवं विद्यालयों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस बाल मेले में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किशन सिंह ठाकुर और समस्त कार्यकारिणी सदस्य, अभिभावक और विभिन्न विद्यालयों के एसएमसी अध्यक्ष, विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक, समस्त स्टाफ, विद्यालय मीडिया प्रभारी महेंद्र सिंह पालसरा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## लाहौल स्पोर्ट्स कार्निवल का फुटबॉल मैच के साथ आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



लाहौल स्पोर्ट्स कार्निवल का बुधवार को लेडी ऑफ केलांग फुटबॉल कप के साथ आगाज हुआ, जिसमें पहला मैच लाहौल फुटबॉल क्लब और स्पीति फुटबॉल क्लब के बीच हुआ।

लाहौल स्पोर्ट्स कार्निवल के शुभारंभ में तेजिंन नॉर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार विजेता, प्रेम सिंह रिटायर्ड आईजीआईटीवीबी मुख्यातिथि रहे। प्रेम सिंह ने कहा कि लाहौल-स्पीति के बिलिंग की 10000 फुट में ऐसा आयोजन करना अपने आप में एक नया इतिहास है। जिले में युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला परिषद सदस्य कुंगा बोध, प्रधान केलांग सोनम जांगपो और उनकी टीम को बधाई दी। बिलिंग गांव के ग्रामीणों ने खेतों को खेल मैदान बना कर सभी के लिए एक मिसाल पेश की। स्पोर्ट्स कार्निवल में आर्चरी, वॉलीबाल, कबड्डी, साइक्लिंग जैसे खेल भी आयोजित की गई हैं।

आयोजक कुंगा बोध और सोनम जांगपो ने बताया कि युवाओं को नशे से दूर रखना और फिट रखना समय की मांग है। नवंबर माह में खेलों को आयोजित करना चुनौती है, लेकिन सभी के सहयोग से जिले में एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। भविष्य में भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे, ताकि युवाओं में खेलों को लेकर जागरूकता बढ़ाई जाए।

**बैठक** श्रीखंड महादेव, खीरगंगा, बिजली महादेव, व्यास कुंड में रखरखाव के दिए दिशा-निर्देश

# 5 ट्रैकिंग रूट्स में मौजूदा स्वच्छता व रखरखाव के इंतजाम की अधिकारियों से मांगी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के प्रसिद्ध ट्रैकिंग रूट्स वाले क्षेत्रों में स्वच्छता एवं रखरखाव के संबध में डीआरडीए कुल्लू द्वारा अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया। बुधवार को जिला परिषद् कुल्लू के सभागार में डीआरडीए कुल्लू द्वारा अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य उच्च-न्यायालय सुलेमान बनाम भारत संघ एवं अन्य के तहत पारित आदेशों में प्रदेश के चिन्हित 10 ट्रैकिंग रूट्स में एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता एवं रखरखाव के मद्देनजर जिलों को अनिवार्य कदम और इंतजाम करने के दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी की ओर से कुल्लू में 5 ट्रैकिंग रुट्स- श्रीखंड महादेव, खीरगंगा, बिजली महादेव, व्यासकुंड और हामटा पास में मौजूदा स्वच्छता एवं रखरखाव के



ट्रैकिंग रूट्स वाले क्षेत्रों में स्वच्छता एवं रखरखाव के संबंध में बैठक के दौरान चर्चा करते हुए अधिकारी।

इंतजाम की जानकारी संबंधित अधिकारियों से मांगी, जिसके उपरांत सभी चिन्हित स्थानों पर प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार किए जाने वाले कार्यों और व्यवस्था के बारे में विस्तार से उपस्थित सदस्यों के साथ चर्चा की, जिस दौरान सदस्यों द्वारा भी अपने परामर्श और प्रतिक्रिया साझा की गई।

उन्होंने सभी को वांछित एवं अनिवार्य कदम उठाने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी से चर्चा के दौरान साझा किए गए अनिवार्य एवं उपयोगी कार्यों/कदमों पर कार्य करने का आह्वान किया।

साथ ही उन्होंने अगली बैठक से पूर्व इस विषय में संबंधित विभागों और ग्राम पंचायतों को अपने स्तर पर बैठक आयोजित कर अवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का सुझाव दिया, ताकि अगली बैठक के साथ उच्च-न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का पालन करते हुए किए जाने वाले कार्यों की रुपरेखा और संचालन प्रक्रिया बनाई जा सके। बैठक में जिला ग्रामीण विकास अधिकारी डॉ. जयवंती ठाकुर, विकास खंड कुल्लू, नग्गर के खंड विकास अधिकारी, जिला प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एईई सुनील शर्मा, विकास खंड बंजार और पर्यटन विभाग और लोनिवि और जल शक्ति विभाग के अधिकारी, संबंधित पंचायतों के प्रधान, बिजली महादेव मंदिर समिति के प्रधान, क्रिच फाउंडेशन और वेस्ट वारियर्स के प्रतिनिधियों के साथ-साथ विकास खंड निरमंड के एसडीएम आदि मौजूद रहे।

## पथ परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन के प्रधान बने पंडित लीला गोपाल




पथ परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन कुल्लू एवं केलांग के चुनाव के दौरान चर्चा करते सदस्य।

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

पथ परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन कुल्लू एवं केलांग के चुनाव प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र पर्यवेक्षक की देखरेख में संपन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुदन सिंह को चुना गया।

उपाध्यक्ष अमर सिंह, प्रधान पंडित लीला गोपाल, महासचिव गौरीलाल भारती, विजय कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान, टेकचंद, मुख्य सलाहकार प्यारेलाल कश्यप, उपप्रधान पदमांगियाल केलांग, उपप्रधान करतार सिंह, पूर्ण चंद, शशिकांता, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, सहकोषाध्यक्ष बलराज, वरिष्ठ सलाहकार खुशाल चंद, सलाहकार रजनी देवी, संयुक्त सचिव छेरिंग दोरजे, कर्म सिंह, कार्यालय सचिव रूपचंद, वरिष्ठ संगठन मंत्री नरेंद्र कुमार सूद, संगठन सचिव यशपाल मोदगिल, संगठन सचिव बरेसतू राम, संगठन सचिव तेजराम राव, संगठन सचिव रघुवीर सिंह, संगठन सचिव नागेश्वर दत्त, प्रचार सचिव माधो कैलाश व चुन्नीलाल, मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा आदि रहे। वहीं, वरिष्ठ पेंशनर सलाहकार समिति के सदस्य अरुण कुमार शर्मा, पतराम शर्मा, खेम सिंह, अमरनाथ, देवी राम, हाकम चंद, अरुणा, रोशन लाल, हेमचंद, इसी के साथ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रतनलाल, जगदीश चंद्र, जिला स्तरीय कार्यकारिणी सदस्य तेजराम, मुरारी लाल, रमेश चंद, कुंजू राम, मुनी लाल, कमल कुंज, गंगाराम, गुरदास, सुदर्शन कुमार, प्रेम सिंह, भौजी देवी को बनाया गया।

यह जानकारी संगठन के महासचिव गौरीलाल भारती ने दी। नवनियुक्त प्रधान पंडित लीला गोपाल ने कहा कि पेंशनर्स ने मुझे फिर से प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी है। मेरी पुनः कोशिश रहेगी कि सबको साथ लेकर चलूंगा और पेंशनर्स की समस्या को हल करने के पूरे प्रयास किए जाएंगे। सरकार एवं निगम प्रबंधन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की अनदेखी कर रही है, उन्हें पेंशन समय पर प्रदान नहीं की जा रही है। पिछले 4 वर्षों से मेडिकल बिलों की अदायगी नहीं की जा रही है। वर्ष-2016 से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित ग्रेच्युटी लीव इन कैशमैंट एवं कॉम्प्यूटेशन और अन्य भत्ते लंबित हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### खेडां वतन पंजाब दियां में हिस्सा लेने आए एथलीट की मौत

**लुधियाना।** लुधियाना के गुरु नानक स्टेडियम में चल रही खेडा वतन पंजाब के मुकाबले में हिस्सा लेने आए जालंधर के रहने वाले एथलीट की हार्ट अटैक से मौत हो गई। एथलीट की पहचान वरिंदर सिंह के रुप में हुई है। जिस समय हादसा हुआ वरिंदर अपने दोस्त से बात कर रहा था। जब वह फोन पर बात कर रहे थे तो वह जेब में डालने लगे तभी अचानक उन्हें दौरा पड़ा गया और उसकी मौत हो गई। जब तक साथी कुछ कर पाते उनकी मौत हो चुकी की।

### पाठक साहित्य से जुड़ने के लिए बाहरी परत को तोड़ें : दास

**जगदीश शर्मा, पंचकूल।** साहित्य अकादमी भारत सरकार के सहयोग से तृतीय पंचकूला पुस्तक मेले के मंच पर इन्द्रधनुष आडिटोरियम के कान्फ्रेंस हाल में 'भारतीय भाषाओं में अंतर-संबंध' विषय पर विमर्श का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माधव कौशिक, अध्यक्ष साहित्य अकादमी ने कहा कि सारी भाषाएं ही हमारी हैं और किसी न किसी रूप में भारतीय संवर्धन का माध्यम हैं, वर्तमान में आवश्यक है कि हम अपनी मातृभाषा के साथ-साथ दूसरी भाषाओं को भी सीखने का प्रयास करें जिससे हमारी सोच का दायरा बढ़े। विमर्श के मार्गदर्शक पीके दास ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि साहित्य का सृजन वही करता है जो सोचता है और परिवर्तन लाने की इच्छा रखता है। इस साहित्य को समझने के लिए पाठकों को भी अपनी तरफ से प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि साहित्य के क्षितिज के विस्तार के लिए आवश्यक है कि पाठक साहित्य से जुड़ने के लिए बाहरी परत को तोड़ें। (अनंत ज्ञान)

### 28 जनवरी से 14 फरवरी तक होंगे नेशनल गेम्स

**अनंत ज्ञान, देहरादून।** उत्तराखंड में 38वें नेशनल गेम्स के आयोजन की तारीख पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अपनी अंतिम मुहर लगा दी है। संघ की ओर से



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक पत्र के माध्यम से यह सूचना दी गई है। आयोजन को सफल बनाने के लिए पांच विभिन्न कमेटियों का गठन भी भारतीय ओलंपिक संघ की ओर से कर दिया गया है। बता दें कि बीते माह मुख्यमंत्री ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान संघ की अध्यक्ष डॉ पीटी उषा से मुलाकात कर राष्ट्रीय खेलों की तारीख घोषित किए जाने का अनुरोध किया था। डॉ. उषा ने तभी आयोजन की प्रस्तावित तारीखों को सहर्ष स्वीकृति दे दी थी। अब इस तिथि का औपचारिक ऐलान कर दिया गया है। अगले वर्ष 28 जनवरी से 14 फरवरी तक 38वें नेशनल गेम्स यहां आयोजित होंगे।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने छठ पर्व पर शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छठ पूजा पर बुधवार को देशवासियों को



शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पर्व सभी को पर्यावरण की रक्षा एवं संरक्षण करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा, ''छठ पूजा, जो देश के सबसे पुराने पर्व में एक है, सूर्य की पूजा करने का अवसर है। इस पर्व पर, प्रकृति के अनूठे उपहार नदियों और तालाबों की भी पूजा की जाती है। कठोर उपवास के जरिएयह पर्व हमारे मन और आत्मा को शुद्ध करता है।'' मुर्मू ने कहा, ''यह पर्व हमें हमारे पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण करने के लिए प्रेरित करता है।''

### सिद्दीकी हत्या के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में बुधवार को पुणे से 23 वर्षीय एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुणे शहर के कर्वेनगर इलाके का निवासी गौरव विलास अपुने इस मामले में गिरफ्तार 16वां आरोपी है। यहां की एक अदालत ने गौरव को नौ नवंबर तक पुलिस हिरासत पर भेज दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि गौरव महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी पर हमले की साजिश में शामिल था, जिसके बाद मुंबई अपराध शाखा की एक टीम ने उसे हिरासत में ले लिया। बाबा सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा इलाके में उनके बेटे और विधायक जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के पास तीन बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया कि था जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई पर बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल होने का आरोप है।

### बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत की तबीयत नासाज



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने एक हेल्थ अपडेट पोस्ट शेयर किया और बताया कि वह बीमार हैं। उनको बुखार, शरीर में दर्द और आंखों में संक्रमण की समस्या है। नुसरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'इंस्टाग्राम' पर एक कार सेल्फी ली। फोटो में, वह काले रंग की पोशाक और धूप का चश्मा पहने हुए कार की पिछली सीट पर बैठी हुई दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि बीमार होने के बावजूद वह खुद को 'खींचकर' एक मीटिंग के लिए ले गई। कैप्शन में लिखा था, दीपावली के बाद की स्थिति, सर्दी, बुखार, खांसी, शरीर में दर्द और आंखों में इंफेक्शन। फिर भी किसी तरह खुद को मीटिंग में खींच रही हूं।

### 82 लाख की स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

**देहरादून।** उत्तराखंड विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के मादक पदार्थ निरोधक बल (एनएनटीए) ने उधमसिंह नगर जिले में दो संदिग्ध तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से करीब 82 लाख रुपए की स्मैक बरामद की। पुलिस अधीक्षक नवनीत भुल्लर ने बताया कि एसटीएफ की कुमांऊ इकाई और स्थानीय पुलिस ने मंगलवार देर शाम जिले के पुलभट्टा थाना क्षेत्र में बिक्री कर कार्यालय के पास संयुक्त कार्रवाई कर तस्करों को गिरफ्तार किया।

### मणिपुर में हथियार, गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के तेंगनौपाल जिले में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि समुकोम क्षेत्र से दो पिस्तौल, तीन स्थानीय रूप से निर्मित तोपें (पोंपी), 7.62 मिमी के आठ कारतूस, पिस्तौल के दो कारतूस, नौ आईईडी, आठ ग्रेनेड, 36 हैंड ग्रेनेड और दो वॉकी-टॉकी सेट बरामद किए गए।

### वायुसेना के हेलिकॉप्टर की आपात लैंडिंग



**जयपुर।** भारतीय वायुसेना के एक हेलिकॉप्टर को बुधवार को मेड़ता के पास एक खेत में आपात स्थिति में उतरना पड़ा। इसमें किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ। मेड़ता के पुलिस उपाधीक्षक रामकरण सिंह ने बताया कि वायुसेना के रूद्र हेलिकॉप्टर को बुधवार दोपहर जसनगर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक खेत में उतराना पड़ा। उन्होंने बताया कि वायुसेना के दो हेलिकॉप्टर जोधपुर से जयपुर जा रहे थे जिस दौरान एक हेलिकॉप्टर में तकनीकी गड़बड़ी आने के कारण उसकी 'इमरजेंसी लैंडिंग' एक खाली खेत में करवाई गई।

# सीएम धामी ने नई दिल्ली में किया उत्तराखंड निवास का लोकार्पण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सीएम धामी ने नई दिल्ली में उत्तराखंड निवास का लोकार्पण किया। उत्तराखंड राज्य अतिथि गृह दिल्ली में उत्तराखंड के लोगों को ठहरने की सुविधा प्रदान करेगा। राज्य की सांस्कृतिक विविधताओं पर आधारित निवास गृह वास्तु कला को प्रदर्शित करता है।



राज्य स्थापना दिवस के सभी कार्यक्रम अब सादगी से मनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अल्मोड़ा के मरचूला में हुआ हादसा राज्य के लोगों के लिए बड़ा शोक है। इसलिए सरकार ने राज्य स्थापना दिवस के सभी कार्य, म सादगी से मनाने का फैसला किया है। आठ नवंबर को होने वाले सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आठ नवंबर को प्रस्तावित सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों को स्थगित कर प्रदेशभर में सेवा और स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। राज्य स्थापना दिवस के तहत आयोजित होने वाले बड़े समारोह, लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रमों के दौरान भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया जाएगा।

सचिवालय में रोडवेज के अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों के मार्गों पर अतिरिक्त बसें चलाने के निर्देश दिए।

### उत्तरकाशी में विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी जिले में संचालित विकास योजनाओं एवं जन कल्याणकारी कार्यद्मछ्मों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को देवभूमि उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार के द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण योजनाओं को पूरी तत्परता व प्रतिबद्धता से ख्रिछ्व्यान्वित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं का पूरा लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने एवं विभागीय सेवाओं की जन-सामान्य तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने पर पर विशेष ध्यान दिया जाए।

अल्मोड़ा बस दुर्घटना

### एम्स ऋषिकेश में भर्ती चार घायल यात्रियों की हालत गंभीर

देहरादून। उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुई बस दुर्घटना के बाद रामनगर से ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराए गए आठ घायल यात्रियों में चार की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। एम्स ऋषिकेश में भर्ती आठ घायलों में तीन वर्षीय शिवानी नामक बच्ची भी शामिल है। उसकी पसलियों में चोट पहुंची है।

# मुख्यमंत्री मान ने मनप्रीत बादल राजा वडिंग पर निशाना साधा

**एजेंसी, गिद्दरबाहा ( पंजाब )**



**कहा- 29 साल तक इस सीट का प्रतिनिधित्व किया लेकिन क्षेत्र के लोगों के लिए ''कुछ नहीं किया**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गिद्दरबाहा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मनप्रीत सिंह बादल और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग पर निशाना साधा और उन पर गिद्दरबाहा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के दौरान 'कुछ नहीं करने' का आरोप लगाया।

पंजाब की चार विधानसभा सीट (गिद्दरबाहा, डेरा बाबा नानक, चब्बेवाल और बरनाला) के लिए उपचुनाव 20 नवंबर को होंगे जबकि मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

गिद्दरबाहा से आम आदमी पार्टी (आप) उम्मीदवार हरदीप सिंह डिम्पी ढिल्लों के लिए प्रचार करते हुए मान ने कहा कि मनप्रीत बादल और राजा वडिंग ने 29 साल तक इस सीट का प्रतिनिधित्व किया, लेकिन उन्होंने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए ''कुछ नहीं किया।'' मान ने दावा किया कि गिद्दरबाहा के लोगों को आसानी से बहकाया नहीं जा सकता क्योंकि वे जानते हैं कि पारंपरिक पार्टियों के नेताओं ने उन्हें बार-बार धोखा दिया है। मतदाताओं से ढिल्लों को विजयी बनाने की अपील करते हुए मान ने कहा कि गिद्दरबाहा के लोगों के पास अब एक ऐसा उम्मीदवार चुनने का मौका है जो उनका अपना है। इस वर्ष की शुरुआत में हुए संसदीय चुनावों में लुधियाना से राजा वडिंग के लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद यह विधानसभा सीट रिक्त हो गई।

भाजपा ने गिद्दरबाहा से मनप्रीत बादल को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने वडिंग की पत्नी अमृता वडिंग को अपना उम्मीदवार बनाया है।

## हरियाणा : खरीद समिति ने 2050 करोड़ के कार्यों को मंजूरी दी

**एजेंसी, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता वाली एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने 2,050 करोड़ रुपए से अधिक की कई परियोजनाओं और कार्यों को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।



बैठक में जिन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, उनमें जींद शहर में 90 करोड़ रुपए की लागत से 60 एमएलडी (मेगालीटर प्रतिदिन) जल उपचार संयंत्र का निर्माण और रेवाड़ी जिले के सात गांवों में 15 करोड़ रुपये की लागत से नहर आधारित जलापूर्ति योजना शामिल है। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के तहत ग्यारह परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई। इसमें एक केंद्रीकृत जल प्रबंधन प्रणाली स्थापित करने के लिए 16.40 करोड़ रुपए का ठेका भी शामिल है।

बैठक में बाबा सरसाई नाथ राजकीय मेडिकल कॉलेज, सिरसा के निर्माण हेतु ईपीसी कांट्रेक्टर को मंजूरी दी गई। इस पर लगभग 832 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह 24 महीनों में बनकर तैयार होगा।

## नशीले पदार्थों के साथ तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने एक किलोग्राम 'मेथामेफ्टामाइन' और एक किलोग्राम हेरोइन बरामद करने के साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।



अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मेथामेफ्टामाइन को 'आइस' या फिर 'क्रिस्टल मेथ' के नाम से भी जाना जाता है, जो एक तरीके का मादक पदार्थ है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीन लोगों की पहचान अमृतसर के भकना कलां गांव के रहने वाले करणदीप सिंह (22), तरनतारन के चोहला साहिब गांव के रहने वाले जीवन सिंह (19) और मनजिंदर सिंह (21) के रूप में हुई है।

## राज्य चुनाव आयुक्त व सरकार को नोटिस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हाईकोर्ट ने पंजाब के नगर निगम और म्युनिसिपैलिटी चुनावों के संबंध में अपने आदेशों का पालन न करने पर राज्य चुनाव आयुक्त और पंजाब सरकार को अवमानना का नोटिस जारी किया है।

हाईकोर्ट ने चेतावनी दी है कि अगर अगले 10 दिनों में चुनावों के संबंध में कार्रवाई नहीं की गई, तो पंजाब सरकार पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।




हाईकोर्ट ने 14 अक्तूबर को अपने आदेश में पंजाब सरकार को निर्देश दिया था कि वह 15 दिनों के भीतर पांच नगर निगमों और 42 म्युनिसिपैलिटी के चुनावों के लिए अधिसूचना जारी करे। अदालत ने स्पष्ट किया था कि यह अधिसूचना बिना किसी नई वार्डबंदी के जारी की जानी चाहिए। हालांकि, 15 दिनों की समय सीमा 29 अक्टूबर को समाप्त हो गई, लेकिन अब तक सरकार की ओर से अधिसूचना जारी नहीं की गई है।

इस मामले में दो जनहित याचिकाएं दाखिल की गई थीं, जिनमें याचिकाकर्ताओं ने नगर निगम और म्युनिसिपैलिटी चुनावों में देरी पर सवाल उठाए थे। हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद चुनाव प्रिं, या शुरू न किए जाने पर याचिकाकर्ता ने पंजाब के मुख्य सचिव सहित अन्य के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की है।

आज हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने राज्य चुनाव आयुक्त और पंजाब सरकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

## देश-विदेश

## जयशंकर और ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री अल्बनीज ने की द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

**एजेंसी, कैनबरा**



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की और द्विपक्षीय समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। जयशंकर ने इस मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अल्बनीज को अभिवादन प्रेषित किया।

विदेश मंत्री तीन से सात नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि आज कैनबरा में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मिलकर खुशी हुई। भारत-ऑस्ट्रेलिया समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के लिए उनके मार्गदर्शन की प्रशंसा करता हूं। इससे पहले जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया में लिबरल पार्टी के नेता पीटर डटन से भी मुलाकात की। वैश्विक मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण का आदान-प्रदान किया। हमारे द्विपक्षीय संबंधों के लिए उनके समर्थन की सराहना करता हूं।

### कनाडा में मंदिरों पर हमले के मुद्दे पर ट्रूडो और पोइलिवरे में तीखी बहस

**ओटावा।** कनाडा के ब्रैम्पटन में मंदिर में हाल ही में हुई हिंसा पर मंगलवार को देश की संसद में नेताओं के बयान आए हैं। पीएम जस्टिन ट्रूडो और विपक्षी कंजर्वेटिव के नेता पियरे पोइलिवरे ने हिंसा की निंदा की है। हालांकि अपने भाषण के दौरान जस्टिन ट्रूडो ने ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर या खालिस्तान शब्द का जिक्र अपने भाषण में नहीं किया। वहीं, संसद में ट्रूडो को विपक्ष के नेता पियरे पोइलिवरे ने संसद में ट्रूडो को जमकर घेरा। उन्होंने ब्रैम्पटन के मंदिर में हिंसी की निंदा करते हुए सवाल किया कि आखिर क्यों इस तरह के हालात पैदा हुए। पोइलिवरे ने आरोप लगाया कि ट्रूडो दक्षिण एशियाई समुदायों में हिंसा को घरेलू आर्थिक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।

## तेलंगाना सरकार का आर्थिक रोजगार व जाति सर्वेक्षण शुरू

**एजेंसी, हैदराबाद**

**तेलंगाना** सरकार का व्यापक सामाजिक-आर्थिक, रोजगार, राजनीतिक और जाति सर्वेक्षण बुधवार को शुरू हो गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विधानसभा चुनाव के दौरान जाति आधारित सर्वेक्षण कराने का वादा किया था।

राज्य के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) कार्यालय में सर्वेक्षण की शुरुआत करते हुए नागरिकों से बिना किसी आशंका के सर्वेक्षणकर्ताओं को जानकारी देने का आग्रह किया। प्रभाकर ने कहा कि जानकारी गोपनीय रहेगी और सर्वेक्षण का उद्देश्य असमानताओं को दूर करना एवं सभी के लिए समान न्याय सुनिश्चित करना है। राज्य के आईटी मंत्री डी श्रीधर बाबू ने कहा कि सर्वेक्षण से सरकार को समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण और विकास के लिए योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी। सरकार ने निकायों में आरक्षण के उद्देश्य से पिछड़े वर्गों की पहचान के लिए सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी बुसानी वेंकटेश्वर राव की अध्यक्षता में एक सदस्यीय आयोग भी नियुक्त किया है। मंगलवार को कांग्रेस की तेलंगाना इकाई की बैठक को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि वह तेलंगाना में जाति जनगणना सुनिश्चित करने और राज्य को देश में जाति जनगणना के लिए एक मिसाल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के जाति सर्वेक्षण में कुछ कमियां हो सकती हैं और इन्हें दूर किया जाएगा।

## जाति जनगणना जरूर होगी, हम आरक्षण में 50 फीसदी की दीवार भी तोड़ेंगे: राहुल

**एजेंसी, नागपुर**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि देश में जाति आधारित जनगणना होगी और इस प्रक्रिया से दलितों, अन्य पिछड़ा वर्गों और आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय का पता चलेगा। नागपुर में संविधान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि जाति जनगणना से सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। हर किसी को पता चल जाएगा कि उनके पास कितनी ताकत है और उनकी भूमिका क्या है। हम 50 प्रतिशत (आरक्षण सीमा) की दीवार भी तोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की ओर से तैयार किया गया संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। जब आरएसएस और भाजपा के लोग संविधान पर हमला करते हैं, तो वह देश की आवाज पर हमला कर रहे होते हैं।

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता बेहद खराब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** में बुधवार को सुबह हवा जहरीली रही और वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी रहीं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मामूली रूप से गिरावट के साथ 356 पर दर्ज किया गया, जबकि बवाना, मुंडका,



वजीरपुर और एनएसआईटी द्वारका, इन चार केंद्रों ने वायु गुणवत्ता को 'गंभीर' श्रेणी में बताया। पिछले दो दिनों से दिल्ली का एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी के उच्च स्तर पर दर्ज किया गया है। सोमवार को सुबह नौ बजे यह 373 था और मंगलवार को 384 दर्ज किया गया था।

### अदालतों में समय बर्बाद न करें, वोट मांगें : सुप्रीम कोर्ट

**शरद और अजित पवार की एनसीपी को दी नसीहत**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार के राजनीतिक दलों-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को नसीहत दी है। अदालत ने दोनों पक्षों से कहा कि चुनावी माहौल के बीच अदालतों में अपना समय बर्बाद न करें। अदालत ने दोनों दलों से कहा कि जमीन पर जाएं और मतदाताओं को अपनी नीतियों से प्रभावित कर उनके वोट मांगें। उच्चतम न्यायालय ने अजित पवार की अगुवाई वाली राकांपा को 36 घंटे के भीतर अखबारों में यह 'डिस्क्लेमर' जारी करने का भी निर्देश दिया।


**शेयर बाजार** संसेक्स 900 अंक चढ़ा और निफ्टी 270 अंक की तेजी के साथ 24,484 पर बंद

## अमेरिका में ट्रंप की जीत से झूमा भारतीय बाजार

**एजेंसी, मुंबई**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के साथ अमेरिकी बाजार में फ्यूचर्स गुलजार दिखे। घरेलू शेयर बाजारों में आज आईटी और बैंक शेयरों की जबरदस्त खरीदारी के दम पर शानदार संकेत रहे हैं।

शेयर बाजार के लिए लगातार दो दिन काफी अच्छे साबित हुए हैं। सेंसेक्स 6 नवंबर को 901 अंक की तेजी के साथ 80,378 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी में भी 270 अंक की तेजी रही, ये 24,484 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 1,077 अंक की तेजी के




साथ 56,008 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में तेजी और 5 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 41 में तेजी और 9 में गिरावट रही। एनएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स में बढ़त रही। आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा 4.05 फीसदी की तेजी रही।

### एशिया बाजार में मिलाजुला कारोबार रहा

**इंफोसिस,** टीसीएस, रिलायंस और लार्सन एंड टुब्रो ने बाजार को सबसे ज्यादा ऊपर चढ़ाया। जबकि, एचडीएफसी बैंक, टाइटन और एक्सिस बैंक ने बाजार को नीचे खींचा। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 2.61 फीसदी की बढ़त रही। वहीं कोरिया का कोस्पी 0.52 फीसदी और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.094 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ।

### नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री योव गैलेंट को बर्खास्त किया

**यरुशलम।** इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री योव गैलेंट को बर्खास्त कर दिया। नेतन्याहू ने कहा कि उनके बीच विश्वास की कमी थी, जो जंग के समय में ठीक नहीं है। विदेश मंत्री इसराइल काट्ज रक्षा मंत्री का पद संभालेंगे। वहीं, गिदियन सार अब इसराइल के विदेश मंत्री होंगे। नेतन्याहू के ऑफिस की तरफ से मंगलवार रात गैलेंट को एक लेटर सौंपा गया। इसमें नेतन्याहू ने लिखा था कि चिट्ठी मिलने के 48 घंटे बाद उनका कार्यकाल खत्म हो जाएगा। मैं बतौर रक्षा मंत्री आपकी सेवा के लिए धन्यवाद देता हूं। नेतन्याहू ने एक वीडियो मैसेज के जरिए योव गैलेंट को पद से हटाने की जानकारी दी। नेतन्याहू ने कहा कि जंग की शुरुआत में हमारे बीच भरोसा था, लेकिन पिछले कुछ महीनों से हमारे बीच यह विश्वास खत्म हो रहा था।

## संवैधानिक मूल्यों को नष्ट करने में लगी है भाजपा: प्रियंका

**एजेंसी, वायनाड ( केरल )**

**केरल** की वायनाड लोकसभा सीट से यूडीएफ गठबंधन की प्रत्याशी कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी संविधान के समानता, न्याय और धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं।



भाजपा के पिछले 10 साल के शासन में देश में विभाजन की राजनीति देखने को मिली है, जहां सत्तारूढ़ दल ने सत्ता में बने रहने के लिए जनता का ध्यान उनकी वास्तविक समस्याओं से हटाने का प्रयास किया। मलप्पुरम जिले की वानदूर विधानसभा में चेरूकोडे में सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा कि जब ऐसे लोग राजनीति में शक्तिशाली हो जाते हैं तो लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में आने वाली समस्याओं के समाधान पर ध्यान नहीं रहता। कांग्रेस नेता ने वायनाड लोकसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए अपने पांच दिवसीय प्रचार अभियान के चौथे दिन आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में देश में किसानों या मध्यम एवं लघु उद्यमों के लिए कोई समर्थन प्रणाली नहीं है। छोटे और मझोले उद्योग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी होते हैं और बड़ी संख्या में रोजगार प्रदान करते हैं, लेकिन उन्हें किसानों की तरह ही समर्थन की जरूरत है।

# आईपीएल मेगा नीलामी की सूची में बेन स्टोक्स का नाम नहीं

**एजेसी, मुंबई**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होने वाली मेगा नीलामी के लिए 1574 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है, लेकिन इसमें इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स शामिल नहीं हैं।

जिन खिलाड़ियों को ने पंजीकरण कराया है उनमें स्टोक्स के पूर्व साथी जेम्स एंडरसन, इटली के तेज गेंदबाज थॉमस ड्रेका और भारत में जन्मे अमेरिका के मध्यम तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रावलकर शामिल हैं। इस सूची को फ्रेंचाइजी से परामर्श लेने के बाद छोटा किया जाएगा। सूची में भारत के दिग्गज खिलाड़ी ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, आर अश्विन और युजवेंद्र चहल भी शामिल हैं, जिन्हें उनकी टीमों ने रिलीज कर दिया था।

इन पांच क्रिकेटरों में से प्रत्येक ने खुद को दो करोड़ रुपए के आधार मूल्य पर सूचीबद्ध किया है। चोटिल होने के कारण पिछले साल नवंबर से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने भी दो करोड रुपए के आधार मूल्य में खुद को सूचीबद्ध किया है।



कोई भी खिलाड़ी खुद को दो करोड रुपए के आधार मूल्य में सूचीबद्ध कर सकता था। भारत के जिन अन्य खिलाड़ियों ने इस आधार मूल्य में खुद को सूचीबद्ध किया है उनमें खलील अहमद, मुकेश कुमार, वेंकटेश अय्यर, आवेश खान, दीपक चाहर, इशान किशन और भुवनेश्वर कुमार शामिल हैं।

इस सूची में शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, देवदत्त पडिक्कल, क्रुणाल पांड्या, हर्षल पटेल, प्रसिद्ध कृष्णा, टी नटराजन, वॉशिंगटन सुंदर और उमेश यादव भी शामिल हैं। भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान और पृथ्वी शॉ ने 75-75 लाख रुपए के आधार मूल्य पर अपना पंजीकरण कराया है। कार्यभार प्रबंधन और अपनी फिटनेस पर ध्यान देने के कारण पिछले आईपीएल में नहीं खेलने वाले स्टोक्स ने फिर से यही विकल्प चुना है। इस साल की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले 42 वर्षीय एंडरसन ने पहली बार आईपीएल के लिए पंजीकरण कराया है। इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने आखिरी बार 10 साल पहले 2014 में टी-20 मैच खेला था। उनका आधार मूल्य 1.25 करोड़ रुपए है।

इस साल की शुरुआत में टी-20 विश्व कप के दौरान शानदार प्रदर्शन करके लोगों का ध्यान खींचने वाले नेत्रावलकर भी नीलामी में अपना भाग्य आजमाएंगे। इस सॉफ्टवेयर इंजीनियर का आधार मूल्य 30 लाख रुपए है। पिछली नीलामी में नहीं बिक पाने वाले शीर्ष ऑस्ट्रेलियाई ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने फिर से पंजीकरण कराया है। उनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपए है।

पिछली नीलामी में रिकॉर्ड 24.50 करोड रुपए में बिकने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने 2 करोड़ रुपए के आधार मूल्य में खुद का पंजीकरण कराया है। मध्यम गति के तेज गेंदबाज थॉमस ड्रेका आईपीएल के लिए पंजीकरण कराने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। ड्रेका ने ऑलराउंडर की श्रेणी में 30 लाख रुपए की न्यूनतम कीमत पर अपना नाम दर्ज कराया है। प्रत्येक फ्रैंचाइजी अधिकतम 25 खिलाड़ियों (रिटेन खिलाड़ियों सहित) की टीम बना सकेगी। दस टीमों ने 46 खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इस तरह से कुल 204 खिलाड़ी खरीदे जा सकेंगे।

## पंजाब किंग्स के पास सर्वाधिक 110.5 करोड़ रुपए बचे



प्रत्येक टीम के पास कुल 120 करोड़ रुपए का पर्स होगा। खिलाड़ियों को रिटेन करने पर खर्च की गई धनराशि के बाद पंजाब किंग्स के पास सर्वाधिक 110.5 करोड़ रुपए बचे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पास 83 करोड़ रुपए, दिल्ली कैपिटल्स के पास 73 करोड़ रुपए और गुजरात टाइटंस के पास 69 करोड़ रुपए हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के पर्स में भी 69 करोड़ रुपए जबकि पांच बार के विजेता चेन्नई सुपर किंग्स के पास 55 करोड़ रुपए शेष हैं। पिछले साल की विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स के पास 51 करोड़ रुपए, 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के पास 45 करोड़ रुपए, पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स हैदराबाद के पास 45 करोड़ रुपए और राजस्थान रॉयल्स के पास 41 करोड़ रुपए बचे हैं।

## 1574 क्रिकेटरों ने कराया पंजीकरण

**1165** भारतीय खिलाड़ियों सहित कुल 1574 क्रिकेटरों ने इंडियन प्रीमियर लीग की होने वाली बड़ी नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है। इस सूची में 320 कैप्ड (जिसने अंतरराष्ट्रीय मैच खेला हो) खिलाड़ी जबकि 1,224 अनकैप्ड (जिसने अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ी और एसोसिएट देशों के 30 खिलाड़ी शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों में 48 भारत के हैं। इसके अलावा देश के 965 अनकैप्ड खिलाड़ी भी नीलामी का हिस्सा होंगे।

## स्पोर्ट्स विंडो

### बिग बैश लीग में डेविड वार्नर सिडनी थंडर के कप्तान नियुक्त



**सिडनी।** डेविड वार्नर को बुधवार को बिग बैश लीग की टीम सिडनी थंडर का कप्तान नियुक्त किया गया। यह छह साल बाद पहला अवसर होगा जबकि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज स्वदेश में किसी टीम का नेतृत्व करेगा। दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के विवाद के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वॉर्नर की कप्तानी पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि पिछले महीने यह प्रतिबंध हटा दिया था, जिससे उनका सिडनी थंडर की कप्तानी करने का रास्ता साफ हो गया था। वार्नर ने जून में वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने कहा कि फिर से थंडर की कप्तानी मिलना उनके लिए काफी मायने रखती है।

### साल के आखिर तक नंबर-1 रहेंगी सबालेंका

**नई दिल्ली।** इगा स्वियातेक की डब्ल्यूटीए फाइनल में हार से आर्यना सबालेंका का पहली बार महिलाओं की रैंकिंग में साल के आखिर में नंबर एक पर रहना सुनिश्चित हो गया। कोको गॉफ की स्वियातेक पर 6-3, 6-4 से जीत से यह तय हो गया कि बेलारूस की 26 वर्षीय खिलाड़ी सबालेंका वर्ष 2024 के आखिर में महिलाओं के रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज रहेगी। सबालेंका ने पिछले साल सितंबर में स्वियातेक को पीछे छोड़कर कुछ समय के लिए विश्व रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। स्वियातेक हालांकि डब्ल्यूटीए फाइनल जीत कर फिर से शीर्ष पर पहुंच गई थी। डब्ल्यूटीए ने यह भी घोषणा की कि कतेरीना सिनियाकोवा साल के अंत में युगल रैंकिंग में नंबर-1 पर रहेंगी। चेक गणराज्य की यह खिलाड़ी इससे पहले 2018, 2021 और 2022 के आखिर में भी महिला युगल रैंकिंग में भी शीर्ष पर रही थी।



### कुंबले बोले-दक्षिण अफ्रीका में युवा खिलाड़ियों को मौका मिलने की उम्मीद



**मुंबई।** पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि यश दयाल, विशाक विजयकुमार और रमनदीप सिंह को घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार रिकार्ड को देखते हुए भारतीय टी-20 टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिलना चाहिए। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम डरबन में शुक्रवार से शुरू होने वाली 4 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच की सीरीज में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस टीम के कोच हैं। कुंबले ने कहा,''मुझे उम्मीद है कि इन तीनों खिलाड़ियों को भारतीय टीम की तरफ से खेलने का मौका मिलेगा क्योंकि उन्होंने घरेलू स्तर पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है।'' कुंबले ने तेज गेंदबाज यश दयाल की शानदार वापसी करने के लिए प्रशंसा की, जिन पर रिंकू सिंह ने आईपीएल 2023 के दौरान लगातार पांच छक्के जड़े थे।

### पुरुष निकलीं ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाली इमान खलीफ



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 में गोल्ड मेडल जीतने वाली महिला मुक्केबाज को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। खबरों के मुताबिक अल्जीरिया की बॉक्सर इमान खलीफ की मेडिकल रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार इमान के अंदर पुरुषों वाले कई अंग पाए गए हैं। आपको बता दें कि ओलंपिक में इमान खलीफ ने महिला कैटेगरी में अपने मुकाबले खेले थे। उस समय उनकी विरोधी महिला मुक्केबाजों ने उनके साथ खेलने पर आपत्ति जताई थी।

# पंत आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे पायदान पर

**एजेंसी, दुबई**

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले हफ्ते मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में प्रदर्शन के बूते बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने मुंबई टेस्ट के दौरान दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं, हालांकि भारत तीसरे और अंतिम टेस्ट में हार से सीरीज 0-3 से गंवा बैठा।

इस प्रदर्शन से पंत को रैंकिंग में फायदा हुआ जो संकेत है कि वह गंभीर कार दुर्घटना के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। अब यह बाएं हाथ का बल्लेबाज जुलाई 2022 में रैंकिंग में हासिल किए गए अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान से महज एक कदम पीछे है।

शीर्ष टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाजों में बाएं हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी मौजूद हैं जो एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए हैं।

न्यूजीलैंड ने मुंबई में 25 रन की करीबी जीत से सीरीज में वाइटवाश किया, जिससे शीर्ष-10 टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत और दौरा करने वाली टीम के डेरिल मिचेल को फायदा हुआ। मिचेल आठ पायदान की छलांग से 7वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने मुंबई टेस्ट में भारत के खिलाफ पहली पारी में 82 रन की पारी खेली, जिससे वह टीम के साथी केन विलियम्सन (दूसरे स्थान) के साथ शामिल हो गए जो न्यूजीलैंड के शीर्ष-10 में मौजूद एकमात्र खिलाड़ी थे। इंग्लैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज जो रूट ने सूची में शीर्ष पर अपनी बढ़त बरकरार रखी है, जिसमें विलियम्सन, हैरी ब्रूक (तीसरे), जायसवाल (चौथे) और स्टीवन स्मिथ (पांचवें) उनके लिए चुनौती हैं।



भारत के शुभमन गिल ने मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की पारी खेली, जिससे वह चार पायदान के लाभ से 16वें स्थान पर पहुंचे जबकि न्यूजीलैंड के 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' विल यंग 29 पायदान की उछाल से 44वें स्थान पर काबिज होने में सफल रहे।

रवींद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 विकेट लेने से टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में दो पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंचे, जिससे वह रविचंद्रन अश्विन से एक स्थान पीछे हैं। कैगिसो रबाडा शीर्ष रैंकिंग पर काबिज हैं।

ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस से आगे दूसरे स्थान पर हैं। वहीं टीम साथी वॉशिंगटन सुंदर टेस्ट गेंदबाजों में सात पायदान के लाभ से 46वें स्थान पर पहुंच गए।

**रिकी पॉटिंग की भविष्यवाणी**

# टीम इंडिया के खिलाफ 3-1 से जीतेगा ऑस्ट्रेलिया

**एजेंसी, दुबई**

पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया बोर्डर-गावस्कर 3-1 से जीतेगा, क्योंकि मोहम्मद शमी की गैर-मौजूदगी में मेहमान टीम के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट चटकाना 'सबसे बड़ी चुनौती' होगी।

ऑस्ट्रेलिया की नजरें बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी हैं। भारत ने 2014-15 से सभी चार सीरीज जीती हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में हुई सीरीज भी शामिल है।

भारत को हालांकि पिछली टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार अपनी सरजमीं पर 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा, जिसके बाद पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास मेहमान टीम को हराने का बेहतर मौका है।

पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया की संभावनाओं के बारे में कहा, ''संभवत: अब पहले ही तुलना मे बेहतर है।''

शमी चोटों के कारण पिछले साल नवंबर से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेले हैं और पोंटिंग का मानना है कि उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश



दीप, प्रसिद्ध कृष्णा और पदार्पण का इंतजार कर रहे हर्षित राणा की मौजूदगी वाले भारत के गेंदबाजी आक्रमण में कमी नजर आती है।

पोंटिंग ने भविष्यवाणी की, ''मुझे लगता है कि भारत पांच टेस्ट मैचों में से किसी एक टेस्ट मैच में जीतेगा, लेकिन मुझे अब भी लगता है कि ऑस्ट्रेलिया शायद थोड़ा अधिक स्थिर, थोड़ा अधिक अनुभवी है और हम जानते हैं कि उन्हें घर पर हराना बहुत मुश्किल है। इसलिए मैं 3-1 के साथ जाऊंगा।''

पोंटिंग को लगता है कि अनुभवी स्टीवन स्मिथ या तेजतर्रार ऋषभ पंत में से कोई एक पांच टेस्ट मैच की सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी होगा।

# श्रेयस अय्यर का नाबाद शतक, मुंबई ने ओडिशा के खिलाफ तीन विकेट पर 385 रन बनाए

**एजेंसी, मुंबई**

श्रेयस अय्यर ने टीम में वापसी करते हुए नाबाद 152 रन की पारी खेली जिससे मुंबई ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप-ए मैच के पहले दिन बुधवार को यहां ओडिशा के खिलाफ तीन विकेट पर 385 रन बनाए। अय्यर को सिद्धेश लाड (नाबाद 116 रन, 234 गेंद, 14 चौके) का अच्छा साथ मिला। मध्यक्रम के ये दोनों बल्लेबाज अब तक चौथे विकेट के लिए 231 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं।

भारतीय बल्लेबाज अय्यर 164 गेंद की अपनी पारी में अब तक 18 चौके और चार छक्के लगा चुके हैं। यह उनका लगातार दूसरा रणजी शतक है। उन्होंने अपने पिछले मैच में 142 रन बनाए थे।

अय्यर और लाड 41वें ओवर में उस समय एक साथ आए जब बिपलब सामंत्रेय ने लगातार गेंदों पर सलामी बल्लेबाज अंगकृष्ण रघुवंशी (92 रन, 124 गेंद, 13 चौके, तीन छक्के) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (00) को आउट किया। सामंत्रेय ने रघुवंशी को बोल्ड करने के बाद रहाणे को पगबाधा किया।



पुणे में ग्रुप-ए के एक अन्य मुकाबले में सेना ने महाराष्ट्र के खिलाफ पहले दिन चार विकेट पर 239 रन बनाए।

सलामी बल्लेबाजों सूरज वशिष्ठ (79 रन, 191 गेंद, नौ चौके, एक छक्का) और शुभम रोहिल्ला (67 रन, 132 गेंद, नौ चौके) ने पहले विकेट के लिए 128 रन जोड़कर सेना को अच्छी शुरुआत दिलाई। रवि चौहान ने भी मेहमान टीम के लिए 130 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 59 रन की पारी खेलकर मेहमान टीम की स्थिति मजबूत की।

# किरण कोरिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

**एजेंसी, इसकान सिटी**

भारत के किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में वियतनाम के कुआन लिन कुओ को तीन गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई।

भारत के चौबीस साल के किरण ने इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम के खिलाड़ी के खिलाफ 57 मिनट में 15-21, 21-12, 21-15 से जीत दर्ज की।

टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय और दुनिया के 44वें नंबर के खिलाड़ी किरण दूसरे दौर में चीनी ताइपे के तीसरे वरीय ची यू जेन से भिड़ेंगे। किरण ने मुकाबले की धीमी शुरुआत की



जिसका फायदा उठाकर किन कुओ ने 11-4 की बढ़त बनाई और फिर आसानी से पहला गेम जीत लिया।

किरण ने 0-1 से पिछड़ने के बाद दूसरे गेम की शुरुआत लगातार छह अंक के साथ और फिर दूसरा गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर किया। भारतीय खिलाड़ी ने तीसरे और निर्णायक गेम में भी जीत की लय बरकरार रखते हुए एक घंटे से कम समय में मुकाबला अपने नाम किया।

**फुटबॉल** एएफसी चैंपियंस लीग में गत चैंपियन अल ऐन को एलीट वर्ग में 5-1 से दी मात

# रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर की बड़ी जीत

**एजेंसी, रियाद**

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई।

सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। एंडरसन तालिस्का ने खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद ही अल नासर की तरफ से पहला गोल किया। इसके बाद रोनाल्डो ने आधे घंटे के अंतराल के ठीक बाद इस सत्र में प्रतियोगिता में अपना दूसरा गोल किया।

फैबियो कार्डोसो के आत्मघाती गोल से सऊदी अरब की टीम ने मध्यांतर तक 3-0 की बढ़त बना दी। वेस्ले और तालिस्का ने दूसरे हाफ में अल नासर के लिए गोल किए। इस बीच जापान के विसेल कोबे ने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू एफसी पर 2-0 से जीत से अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल कर लिया। मलेशिया के जोहोर दारुल ताजिम दक्षिण कोरिया के दो बार के चैंपियन उल्सान एचडी पर 3-0 से जीत के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गया।



## लिवरपूल की लेवरकुसेन पर शानदार जीत

**मिलान।** यूरोप की चोटी की टीमों रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी दोनों को चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन रियाल मैड्रिड को एसी मिलान ने अपने घरेलू मैदान पर 3-1 से हरा दिया, जबकि मैनचेस्टर सिटी को एर्लिंग हालैंड की पेनल्टी में चूक महंगी पड़ी और चौथे मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद उसे पुर्तगाल की टीम स्पोर्टिंग लिस्बन में 4-1 से हार झेलनी पड़ी। लिवरपूल के लिए यह शानदार दिन था जिसने लुइस डियाज की हैट्रिक और कोडी गाकपो गोल की मदद से एनफील्ड में खेले गए मैच में जर्मन चैंपियन बायर लेवरकुसेन पर 4-0 से जीत दर्ज की। लिवरपूल चार मैचों में चार जीत के साथ लीग चरण तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके बाद स्पोर्टिंग और मोनाको का नंबर आता है जिनके तीन जीत और एक ड्रॉ के बाद समान 10 अंक हैं।

## डेविस कप कोच को मानस धामने से काफी उम्मीदें

**नई दिल्ली।** जीशान अली की जगह नए डेविस कप कोच बने आशुतोष सिंह को उम्मीद है कि मानस धामने अपनी कड़ी मेहनत और शानदार जज्बे की बदौलत भारतीय टेनिस के लिए भविष्य में अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं।

आशुतोष ने स्टॉकहोम में मालेगांव के इस युवा खिलाड़ी को देखा जहां भारत ने स्वीडन के खिलाफ डेविस कप ग्रुप एक मुकाबले में हिस्सा लिया था।

हालांकि 16 वर्षीय धामने को कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन वह एक अन्य युवा खिलाड़ी आर्यन शाह के साथ स्टॉकहोम गई टीम का हिस्सा थे।

भारत को मेजबान टीम के हाथों 0-4 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन कोच आशुतोष ने स्वीडन में हुए इस निराशाजनक प्रदर्शन में सकारात्मक पहलू देखा। पूर्व डेविस कप खिलाड़ी बलराम सिंह के बेटे आशुतोष ने कहा, ''मानस एक मेहनती खिलाड़ी है। कोर्ट पर वह सिर्फ आंखों से संपर्क बनाता है और 'ओके' करता है।''